One more point and I will end my speech, positive steps must be taken to bring down the prices of essential commodities. There should not be any increase in the expenditure of police or jails. They are saying that Janata Party have pleaded for the release of smugglers. You, Congressmen, should be ashamed of the fact that you fought the election with their money. Is it a fact or not?—I ask you Congressmen. You fought the election with their black money. Smugglers are always with you. And even now, they are making a conspiracy to topple the Janata Government along with you. You must know the feeling of the Janata. Masses have voted the present government to power. There is a slogan common among the people, which I hear when I go from place to place in West Bengal. They say: 'Indira khatam ho gayi hai; Indira fund ko wapas karo'. Not only do they want the CDS to be stopped, but they want the money to be returned to them. That is the cry of the masses. The Finance Minister should consider it. No pious wish and promise will do. People want to hear you say that you will not only stop taking CDS money—you were withholding 50 per cent from the ordinary workers —but you must also return the money that has been accumulated and lying with the government. That is the cry all over the land. In our place they say: "Indira ko khatam kardiya; ab hamara Indira fund wapas karo".

12.00 hrs.

I am grateful to the Railway Minister who has made a bold statement To-day Mr. Fernandes also has made a statement that all the dismissed employees will be taken back, and also all the suspended employees will be taken back. The same thing should be done with regard to the other who are not directly in government service, but are serving in the private sector. That point must be looked into. I know that it is not within the purview of the Finance Minister. Government as a whole must take a policy decision to the effect that those who were dismissed in a vindictive manner should be taken back.

Another point. My friends know that some textile mills were taken over by government and then nationalised. They are run by the so-called National Textile Corporation. It is nothing but the looting people. They used it as a political asylum for goondas who worked for them in the election. I can cite hundreds of examples before this House to indicate how the factories run by the NTC are being used to employ the goondas who worked for them for purposes of election propaganda An enquiry is necessary in this mat-

(Shri Dinen Bhattacharyya)

ter. The ex-Commerce Minister said on this very floor that the 14 mills run by the NTC in West Bengal are incurring a loss of between Rs. 50 lakhs and Rs. 60 lakhs every month. The present Finance Minister should look into this matter and set up an inquiry, so that all this corruption may be brought to light.

Now the last point. It has been published in all the newspapers of West Bengal that during the last elections, riggings and corrupt practices were organized by no less a person than the Chief Minister, Mr. Ray. Why should not an enquiry be set up against such a person who has no moral right to continue in office? This point is being raised by my people. That is why I am raising this issue. With these words, I conclude.

श्री बटेश्वर हेमरम (दुमका): अध्यक्ष महोदय, मैं आप के सामने दो तीन बातें कहने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

आज देश में एकता आई है और मानवता के लिए यह एकता बहुत अच्छी होती है । जहां पर से हम आए हैं वहां हम प्रति दिन देखते हैं कि वहां के वनवासियों की हालत के बारे में आज तक नहीं सोचा गया है और इसलिए देश के राजनीतिक सम्बन्धों के बारे में वहां के लोगों को भी मालूम नहीं रहता है । वह केवल इतना देखते हैं कि कौन हमारी बातें सहानुभूतिपूर्वक और प्रेमपूर्वक सुनता है और उस के साथ वे बराबर रहते हैं । आप को मालूम है संथाल परगणा में, जहां पर अंग्रेजों के जमाने में एक क्रान्ति हुई थी, वहां के लोगों के बराबर कहने पर भी अंग्रेज लोग उन की बात नहीं सुनते थे और जब लोगों ने देखा कि हमारी बातें सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है, तो उन्होंने एक आन्दोलन किया । पहले उस जिले का नाम पर्वतीय अंचल था और वह इस नाम से प्रसिद्ध था लेकिन जब एक हो कर लोगों ने वहां आन्दोलन किया और आन्दोलन के बाद उस जिले से 1855–56 में अंग्रेजों को खदेड़ दिया था, तो उस के फलस्वरूप अंग्रेजों ने सोचा कि इस तरह से तो लोग इस देश से उन्हें भगा देंगे और हमारा काम नहीं चलेगा और उन्होंने उन लोगों के लिए एक योजना बनाई । उन्होंने वहां के लोगों को बुलाया और बुलाने के बाद वहां कुछ समितियां बना दी गयीं जो वहां के लोगों की मांगों को देखती थी और वह देखती थी कि कैसे गांवों के मामलों का फैसला किया जा सकता है । उस के अनुसार अंग्रेजों ने उस जिले का नाम 1856 में संथाल परगणा रखा, लेकिन आज संथाल परगणा के लोग इतनी बुरी हालत में हैं कि प्रति दिन उन को 30, 40 मील आ कर शहरों में काम करना पड़ता है । वहां पर जमीन है, पर्वत है और जंगल हैं लेकिन वहां के लोगों को आप यदि जा कर देखेंगे तो पाएंगें कि 4 महीने से अधिक उन्हें काम नहीं मिलता है । अभी जो इलैक्शन्स हुए थे, उस में आदिवासियों के क्षेत्र से 30 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं पड़े क्योंकि लोग गांवों में नहीं रहते हैं और वे काम की खोज में दूसरे प्रान्तों में चले गये हैं । कोई बंगाल चला गया है, कोई आसाम चला गया है और कोई कोयला-खानों पर काम के लिए चला गया है और बाकी जो लोग हैं वे सारे आसपास शहरों में काम की खोज में चले जाते हैं ।

SHRI SHAMBHU NATH CHATURVEDI (Agra): Sir, on a point of order. I think there is some confusion about the list of names. Because, the names of Members have been given for speaking on the President's Address. But that discussion has not yet started. Now the Finance Bill is under consideration, this confusion should be removed.

MR. SPEAKER: They are speaking on the amendment that has been moved.

श्री बटेश्वर हेमरम : मैं कहना चाहता हूं कि उस इलाके में लोग इतने विवश है कि काम की खोज के लिए उन्हें दूर दूर जाना पड़ता है और वे लोग स्वतंत्रतापूर्वक कोई भी काम नहीं कर पाते । इसलिए उस इलाके में यदि कारखाने खोले जाएं तो मजदूरी से उनका जीवन सफल हो सकता है ।

दूसरे उन लोगों के पास जमीन बहुत अधिक है किन्तु उस जमीन में सिचाई का कोई साधन नहीं है और न जमीन ही उपयुक्त है । अधिकतर जमीन बंजर पड़ी हुई है । सरकार की ओर से जमीन की खुदाई के लिए पैसे खर्च किए जाते है लेकिन वह पैसा इतना अपूर्ण होता है कि उससे केवल मेढ़ बना दी जाती हैं और जमीन असमतल पड़ी रहती है । जमीन पर केवल मेढ़ बना देने से खेती नहीं हो सकती है । जब तक जमीन को उपजाऊ नहीं बनाया जाता तब तक उसमें उपज कैसे हो सकती है ? जो मेढ़ बनाई जाती है वह भी एक-दो वर्ष में समाप्त हो जाती है और फिर असमतल जमीन ज्यों की त्यों पड़ी रहती है । इसलिए सरकार की ओर से उन आदिवासियों के लिए ऐसी योजना बनाई जाए कि जो पैसा जमीन के लिए खर्च किया जाता है वह आदिवासियों को मिल जाए और वे अपने से जमीन को खेती के लायक बनावें । अभी यह होता है कि उन स्थानों पर ठेकेदारों को इस काम के लिए जमीन दे दी जाती है और जो पैसा इस काम के लिए खर्च किया जाता है उसका आधा पैसा ठेकेदार खा जाते हैं और कुछ पैसे से ठेकेदार खेत की मेढ़ बना कर छोड़ देते हैं । सरकार की ओर से यदि योजना बना कर जमीन के लिए पैसा उन लोगों को दे दिया जाए तो उतने ही पैसे से उनका खेत भी बन जाएगा और मेढ़ भी बन जाएगी ।

जमीन की सिचाई वहां कुओं के द्वारा ही हो सकती है । क्योंकि वहां इस तरह की जमीन वहीं है कि कोई डैम बना कर या बांध बना कर उस जमीन के लिए सिचाई का प्रबंध किया जाए । वहां की जमीन ऊबड़ खाबड़ है, ऊंची नीची जमीन है । उस जमीन पर नीचे से ऊपर पानी नहीं जा सकता है । डैम को तो नीचे ही बनाया जा सकता है । अगर वहां बड़े बड़े कुएं बना कर सिचाई का प्रबंध किया जाए तो इससे भी वहां के लोगों को काम दिया जा सकता है ।

वहां के लोगों को काम करने के लिए दूर दूर की जगहों पर जाना पड़ता है । इस तरह दूर दूर के स्थानों पर जाते हुए कहीं कहीं मजदूरों को रास्ते में भूख के कारण अपना जीवन भी समाप्त करना पड़ता है और गर्भवती स्त्रियों का रास्ते में गर्भपात भी हो जाता है । इस सब का कारण है कि वहां यातायात का बहुत अभाव है । रेलवे लाइन एक भी नहीं है । रामपुर से दुमका होते हुए वैद्यनाथधाम तक और बौसी से हसडिया होते हुए जसीडीह तक रेल लाइन बिछाने का प्रबंध किया गया था लेकिन वह काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है । इसका क्या हुआ यह नहीं कहा जा सकता । इसलिए अध्यक्ष महोदय से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वहां के आदिवासियों के विकास के लिए एक ऐसी योजना बनाई जाए जिससे उनकी रोजी-रोटी की व्यवस्था हो सके । वहां कारखाने खोले जाएं, रेलवे की लाइन बिछाई जाएं, सड़कें बना कर वहां के लोगों के लिए यातायात के साधन जुटाए जाएं । इसी तरह से उन लोगों को कुछ राहत मिल सकती हैं ।

MR. SPEAKER: I shall put the amendment to the House.

SHRI BASHIR AHMED: I do not press it.

MR. SPEAKER: Has he the leave of the House to withdraw his amendment?

HON. MEMBERS: Yes.

Amendment No. 1 was, by leave, withdrawn.

MR. SPEAKER: The question is:

"That Clause 2 stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

MR. SPEAKER: There are no amendments to other clauses. I shall put them to the vote of the House. The question is:

"That Clauses 3 to 5, Clauses 1, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 3 to 5, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI H. M. PATEL: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

—•—

12.15 hrs.

MOTION OF THANKS ON THE ADDRESS BY THE VICE-PRESIDENT ACTING AS PRESIDENT

MR. SPEAKER: We shall begin discussion on the President's Address.

श्री कर्पूरी ठाकुर (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :—

> "कि राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उपराष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए :—
>
> "कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उपराष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए जो उन्होंने 28 मार्च, 1977 को एक साथ समवेत संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यन्त आभारी हैं।"

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में जो चुनाव अभी समाप्त हुए हैं और उनके जो परिणाम आए हैं उनके आधार पर देश और दुनिया को यह बताया है कि लोकतन्त्र की जड़ें भारत में गहरी जमी हुई हैं और जनता लोकतन्त्र में विश्वास करती है । उन्होंने यह भी बताया है कि चाहे जो कुछ हो भारत की जनता लोकतांत्रिक तरीकों पर न केवल विश्वास करती है बल्कि उनके माध्यम से देश में सत्ता परिवर्तन करना भी जानती है और देश को निर्माण के पथ पर अग्रसर करना भी जानती है । जो चुनाव परिणाम आए हैं, चुनाव आयोग से मोटे मोटे तौर पर मैंने कुछ आंकड़े प्राप्त किये हैं और उनको मैं सदन के समक्ष रखना चाहता हूं । इनके अनुसार आंध्र में कांग्रेस को 57.36 प्रतिशत तथा जनता पार्टी को 32.33 प्रतिशत मत मिले हैं । असम मे कांग्रेस को 50.56 प्रतिशत और जनता पार्टी को 35.78 प्रतिशत मत मिले । बिहार में कांग्रेस को 22.90 प्रतिशत और जनता पार्टी को 65.01 प्रतिशत मत मिले । हरियाणा मे कांग्रेस को 17.95

प्रतिशत और जनता पार्टी को 70.35 प्रतिशत मत मिले हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को 38.30 प्रतिशत और जनता पार्टी को 58.37 प्रतिशत मत मिले हैं। कर्नाटक में कांग्रेस को 56.74 प्रतिशत और जनता पार्टी को 49.84 प्रतिशत मत मिले हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को 32.50 प्रतिशत और जनता पार्टी को 57.95 प्रतिशत मत मिले। महाराष्ट्र में कांग्रेस को 46.93 प्रतिशत और जनता पार्टी को 32.39 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। गुजरात मे कांग्रेस को 46.92 प्रतिशत और जनता पार्टी को 49.54 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। केरल मे कई पार्टियां थीं इसलिए मैं इसको छोड़ देता हूं। उड़ीसा में कांग्रेस को 38.18 प्रतिशत और जनता पार्टी को 51.77 प्रतिशत मत मिले। राजस्थान में कांग्रेस को 30.56 प्रतिशत और जनता पार्टी को 65.21 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। तमिलनाडु मे भी भिन्न पार्टियां हैं इसलिये उसको भी छोड़ देता हूं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 25.04 प्रतिशत मत मिले और जनता पार्टी को 68.03 प्रतिशत मत मिले। पश्चिम बंगाल में जनता पार्टी और मित्र दलों को 65 प्रतिशत मत मिले और कांग्रेस पार्टी और उसके मित्र दलों को 35 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। अन्य जो छोटे छोटे राज्य हैं उन को छोड़ देता हूं। कुल मिलाकर कांग्रेस को 34.54 प्रतिशत और जनता पार्टी तथा उसके मित्र दलों को 65 दशमलव कुछ प्रतिशत मत प्राप्त हुए। इन आंकड़ों से यह प्रमाणित होता है कि प्रथम बार भारत में वोटों के आधार पर बहुमत का शासन कायम हुआ है। इसके पहले जो चुनाव परिणाम हैं 1952 से लेकर 1971 तक, वे बतलाते हैं कि कांग्रेस को वोट हमेशा कम प्रतिशत मिले लेकिन सीटें मिलीं ज्यादा। यानी अल्पमत के आधार पर, जितने वोट कांग्रेस को प्राप्त हुए उसका विश्लेषण बतलाता है कि अल्पमत के आधार पर कांग्रेस ने अब तक देश पर शासन किया। लेकिन इस बार चुनाव परिणाम के आंकड़े यह बतलाते हैं कि बहुमत का शासन सच्चे अर्थों में हिन्दुस्तान मे कायम हुआ है। हिन्दुस्तान की जनता ने यह सिद्ध कर दिया है चुनाव द्वारा कि आजादी अमर है, आजादी की भावना अमर है, आजादी की आग अमर है। कांग्रेस को कौन पूछे, श्रीमती इन्दिरा गांधी को कौन पूछे दुनिया की कोई भी बड़ी से बड़ी ताकत आजादी की भावना को नहीं दबा सकती, आजादी की आग को नहीं बुझा सकती। पूरे 19 महीनों में यही अनवरत प्रयास किया गया कि आजादी का सत्यानाश किया जाय।

कहा गया देश आजाद है, देश पहले से मजबूत बना है, ताकतवर बना है। दुनिया के जो परिणाम हमारे सामने हैं वह शायद हमारी भूतपूर्व प्रधान मंत्री के सामने नहीं थे। जो आज प्रतिपक्ष के नेता बैठे हुए हैं, श्री चव्हाण जी, उनके सामने नहीं थे। दुनिया के उदाहरण यह बतलाते है कि देश आजाद हो सकता है, फिर भी वहां की जनता गुलाम हो सकती है। हिटलर के जमाने में कौन नहीं जानता है कि जर्मनी आजाद और ताकतवर था और उसका तानाशाही में जर्मनी इकट्ठा हुआ और हिटलर की जर्मनी ने यूरप ही नहीं सारी दुनिया को चुनौती दी। जर्मनी आजाद जरूर था मगर जर्मनी की जनता गुलाम थी। मुसौलिनी के जमाने मे इटली आजाद था, मगर वहां की जनता गुलाम थी। फ्रैंको जब तक स्पेन का तानाशाही रहा स्पेन आजाद था, मगर स्पेन की जनता गुलाम थी, इसी तरह से पुर्तगाल मे सालाजार के समय में पुर्तगाल आजाद था, लेकिन वहां की जनता गुलाम थी। जब पाकिस्तान मे अयूबखां और याहिया खां तानाशाह थे उस समय पाकिस्तान बेशक आजाद था लेकिन वहां की जनता गुलाम थी। आज नेपाल में राजशाही है, तानाशाही है, नेपाल आजाद है, लेकिन वहां की जनता गुलाम है। उसी तरह से पिछले 19, 20 महीनों में भारत आजाद था, आजाद रहा और आज भी है, लेकिन 20 महीनों में भारत की जनता

[श्री कर्पूरी ठाकुर]

गुलामी की बेड़ियों से जकड़ी हुई थी, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता । इस चुनाव ने साबित किया कि देश ही नहीं बल्कि जनता भी आजाद रहेगी । इस चुनाव ने सिद्ध कर दिया कि व्यक्ति से बड़ा देश है । चुनाव ने साबित कर दिया कि इन्दिरा से कानून और संविधान बड़ा है ।

इस चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि एमर्जेंसी के बारे में जो घोषणाएं होती थीं कि एमर्जेंसी अनुशासन, कठिन परिश्रम, अधिक उत्पादन, एकता और अखंडता के लिये है, लोकतन्त्र की रक्षा के लिये है, यह सब गलत साबित हुआ । साबित यह हुआ है कि ये लोग जो एमर्जेंसी देश में चला रहे थे वह लूट, झूठ और छूट के लिये थी और पूंजीपतियों तथ इजारेदारों में भयंकर फूट के लिए थी । जितना बड़ा झूठ इस एमर्जेंसी में फैलाया गया, शायद अगर आज हिटलर जिन्दा होता तो यह भी ईर्ष्या करता भारत के झूठ पर जो कि एमर्जेंसी काल में रात-दिन, सुबह शाम फैलाया गया ।

कहा गया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण फासिस्ट है, प्रतिक्रियावादी हैं । मैं अपनी तरफ से नहीं कहना चाहता, एक किताब "वी नेहरूज" लिखी हुई है जिसे स्वर्गीय श्रीमती कृष्णा हठीसिंह ने लिखा है । उन्होंने उसमें लिखा है कि हमारे भाई साहब बड़ें समाजवादी हैं, बड़े देशभक्त हैं और बड़े भारी प्रगतिशील हैं लेकिन साथ ही उस किताब में यह भी लिखा है कि मेरा भी विचार है और हिन्दुस्तान के आम लोगों का भी विचार है कि मेरे भाई नेहरू जी से ज्यादा अधिक समाज वादी, अधिक प्रगतिशील जयप्रकाश नारायण है । भूतपूर्व प्रधान मंत्री जी की बुआ जी ने जो कुछ लिखा था, प्रधान मंत्री ने उसको झुठलाने की कोशिश की । यही नहीं, बड़े पैमाने पर लूट हुई, करोड़ों की लूट हुई, हर शहर और बाजार में लोग लुटे, भय दिखलाकर, थोतंकित करके लोगों को लूटा गया । मीसा और वारन्ट का भय दिखलाकर लोगों को लूटा गया । हर जगह हा-हाकार मचा हुआ था । इस तरह की लूट हमारे देश में चल रही थी और जेलों में लाखों लोग बन्द किए गये । बाहर लाठियां जिस तरह से बरसाते रहे उसी तरह सैकड़ों की संख्या में जेलों के अन्दर भी लाठियां, गोलियां चलती रहीं । यह भी पता लगता है कि लूट की एमर्जेंसी थी, लोकतंत्र की एमर्जेंसी नहीं थी ।

मैं समझता हूं कि 30 वर्षों के स्वराज्य के काल में इतनी बड़ी-बड़ी छूटें, इतनी बड़ी बड़ी रियायतें हिन्दुस्तान के पूंजीपतियों को नहीं दी गई थीं जितनी कि इस एमर्जेंसी के काल में इन लोगों को दी गई । कहा यह जाता है कि हिन्दुस्तान में समाजवाद चल रहा था और समाजवाद चल रहा है । इस चुनाव ने यह सिद्ध कर दिया है कि—

बूड़ा वंश कबीर का, उपजा पूत कमाल ।

इस एमर्जेंसी ने यह भी साबित कर दिया है कि ईमानदारी को गद्दारी, तानाशाही को लोकशाही, और आंतक को अनुशासन कहा गया । इसी प्रकार इंडिया को इन्दिरा और इन्दिरा को इन्डिया कहने का जमाना हमेशा के लिये अब लद गया ।

हमारे राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में बतलाया है कि यह एमर्जेंसी व्यक्ति की सत्ता की वृद्धि के लिये थी, इससे गैर-संवैधानिक अधिकार का केन्द्र बन रहा था । हम राष्ट्र-पति जी को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने सच्चाई और सत्य का उद्घाटन अपने अभिभाषण में किया है । दुनिया और देश की जनता के सामने तथ्यों को सही सही ढंग से रखा है ।

जहां मीसा कानून के बारे में भी उल्लेख है, तो उसे भी रद्द किया जायेगा । मीसा कानून काला कानून है, यह निरपराध और निष्कलंक लोगों को जेलों में ठूसने का कानून हैं । यह उसी तरह का कानून है जैसा रौलेट कानून था । श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित ने अपने भाषण में पटना में कहा था कि जिस तरह रौलेट एक्ट में न वकील की, न दलील की और

न अपील की गुंजाइश थी उसी तरह का मीसा कानून भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने कानून के रूप में बनाया। इस कानून के अन्तर्गत जो अंधेर हुआ है, उस के हजार नहीं, पचासों हजार उदाहरण दिये जा सकते हैं। लेकिन मैं केवल एक उदाहरण दूंगा।

बिहार में एक साधू महाराज मीसा में पकड़ कर जेल में लाये गये। विद्यार्थियों नौजवानों, सर्वोदय के कार्यकर्ताओं और विरोधी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन से पूछा कि हम लोगों पर तो श्रीमती इन्दिरा गांधी की विशेष कृपा है, इस लिए हम जेल में हैं, लेकिन आप ने क्या कसूर किया, जो आप जेल में पहुंच गए। साधू महाराज ने जवाब दिया कि मैं नहीं जानता हूं कि मेरा क्या कुसूर है; मेरा नियम है कि मैं रोज़ गंडक में स्नान करने जाता हूं, वहां जाते और लौटते हुए मैं भगवान का नाम जपता हूं; आज सुबह भी में जय नारायण, जय नारायण" कहता हुआ जा रहा था; बगल में एक दरोगाजी खड़े थे; उन्होंने यह कह कर मुझे गिरफ्तार कर लिया कि यह व्यक्ति जयप्रकाश नारायण की जय बोल रहा था।

दुनियां के इतिहास में इतना बड़ा अंधेर और अन्याय कहां हुआ होगा, जो हिन्दुस्तान में हुआ है? इसलिये राष्ट्रपति जी ने ठीक ही अपने अभिभाषण में कहा कि मीसा कानून को समाप्त कर दिया जायेगा।

प्रिवेंशन आफ़ पब्लिकेशन आफ़ आबजेक्शनेबल मैटर एक्ट की धाराओं को पढ़ने के बाद लगता है कि हम किस दुनियां में पहुंच गये थे। हम सोचते थे कि आज़ादी की लड़ाई लड़ते हुए और स्वराज्य के बाद भी जिस हिन्दुस्तान का सपना हम देखते थे, क्या यह वही हिन्दुस्तान है, या कोई दूसरा हिन्दुस्तान है। ऐसा अंधेर करने वाला कानून और अधिकारियों को असीम अधिकारों से लैस करने वाला कानून! किसी भी लेख, बयान, भाषण या पुस्तक-पुस्तिका के आधार पर जिस को चाहे गिरफ्तार कर के जेल में बन्द कर दिया! राष्ट्रपति जी ने कहा है कि इस कानून को भी रद्द किया जायेगा।

श्रीमती इन्दिरा गांधी ने फ़िरोज़ गांधी एक्ट को भी समाप्त कर दिया था। अंधेर है! ऐसा निर्दोष और ऐसा निष्पाप कानून। दुनिया के हर लोकतांत्रिक देश में पार्लियामेंट में सदस्य और मंत्री जो भाषण करते हैं, उन के प्रकाशन और प्रसारण की पूरी स्वतंत्रता होती है। इस आशय का कानून यहां भी बना था। मगर कांग्रेस सरकार ने उस को भी रद्द कर दिया था। जैसा कि राष्ट्रपति जी ने कहा है, यह कानून भी फिर वापस लाया जायेगा।

राष्ट्रपति जी ने कहा है कि और भी कई कानून बनाये जायेंगे और कई काम किये जायेंगे। इस के लिए हम लोग राष्ट्रपति जी के शुक्रगुज़ार हैं।

अभी तक प्रतिपक्ष के नेता को सुनने का अवसर हमें प्राप्त नहीं हुआ है। आशा है कि आगे चल कर उन के विचार जानने का अवसर हमें मिलेगा। उस दिन भाषण देते हुए भूतपूर्व वित्त मंत्री, श्री सुब्रह्मण्यम् ने एमर्जेन्सी के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। अगर वह यह कहते कि एमर्जेन्सी का ख़ात्मा हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने किया, तो मैं यह बात मान लेता। लेकिन प्रश्न यह है कि कब किया। 3 बजे भोर को रायबरेली का चुनाव-परिणाम देश और दुनिया को मालूम हुआ और 5 बजे भोर को रेडियो ने कहा कि चुनाव में श्रीमती इन्दिरा गांधी की पराजय हुई और एमर्जेंसी की भी पराजय हुई, एमर्जेंसी खत्म हुई। उन्होंने एमर्जेंसी का खात्मा तब किया जब एमर्जेंसी ने उन का और कांग्रेस राज़ का भी खात्मा कर दिया। तब उन्होंने एमर्जेंसी का खात्मा किया। इस का कोई श्रेय उन को नहीं दिया जा सकता है। मगर जब हमारे भूतपूर्व वित्त मंत्री बोल रहे थ तो उन बातों का

[श्री कर्पूरी ठाकुर]

जिक्र कर रहे थे। वे कह रहे थे कि बड़ी प्रगति हुई है, अन्न का उत्पादन बढ़ा है, औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है, हमारे बैलेंस आफ पेमेंट की पोजीशन पहले से सुदृढ़ हुई है, हमारा फारेन एक्सचेंज रिजर्व पहले से काफी बढ़ गया है, हमारा एक्सपोर्ट भी पहले से काफी बढ़ गया है, 21 प्रतिशत बढ़ गया है। ये सब उपलब्धियां हैं उन की जिनकी गणना वे करा रहे थे।

मैं सब से पहले अन्न के उत्पादन के बारे में आप से दो शब्द कहना चाहता हूं। मेरे पास यह पांचवी योजना की पुस्तिका है जो अन्तिम रूप से प्रकाशित हुई है और साथ साथ मेरे पास पांचवीं योजना का मसविदा भी है जो आज से कई वर्ष पहले प्रकाशित हुआ था। मैं इन दोनों पुस्तकों को उद्धृत नहीं करूंगा, मेरा समय चला जायगा। मैं संक्षेप में ही बोलूंगा। इन दोनों किताबों में कहा गया है अलग अलग कि 1973–74 में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था इस पंचम योजना का अन्न उत्पादन का वह था 12 करोड़ 90 लाख टन। यह इस में लिखा हुआ है, प्रतिपक्ष के नेता देख सकते हैं कि 12 करोड़ 90 लाख टन का निर्धारित लक्ष्य है इस ड्राफ्ट के मुताबिक 73–74 में, आज 76–77 में नहीं, 73–74 में और 75–76 में उत्पादन हुआ 11 करोड़ 80 लाख टन। जब तक यह फाइनल प्लान नहीं बना था तब तक यही ड्राफ्ट प्लान इन का आधार था। तो 1975–76 में उत्पादन हुआ 11 करोड़ 80 लाख टन। लक्ष्य था निर्धारित 73–74 में 12 करोड़ 90 लाख टन, यानी लगभग 13 करोड़ टन मगर 75–76 में पैदा हुआ 11 करोड़ 80 लाख टन और तब ये लोग खुशी से नाच रहे हैं कि हम ने 11 करोड़ 80 लाख टन अनाज पैदा कर दिया। और इस में लिखा हुआ है कि 78–79 में यानी जो अभी कल से वित्तीय वर्ष शुरू होगा इस के बाद जो वित्तीय वर्ष आएगा उस के अंदर अन्न के उत्पादन का लक्ष्य इस ड्राफ्ट के मुताबिक 14 करोड़ टन है। मगर जब फाइनल प्लान इन का बना तो 14 करोड़ टन से घटा कर साढ़े 12 करोड़ टन इसका लक्ष्य निर्धारित किया है।

मैं इधर और उधर दोनों तरफ के माननीय सदस्यों को यह बतलाना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा किया जा रहा है, इस को समझने की हम लोग कोशिश करें। हमारे प्रति पक्ष के जो नेता हैं वे उस समय मंत्री थे, प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी नहीं थीं, प्रधान मंत्री थे पंडित जवाहर लाल नेहरू, 60, 61, 62 और 63 का जमाना था। उस समय प्रधान मंत्री ने कहा योजना आयोग से और श्री पीताम्बर पंत से कि आप लोग आंकड़े तैयार करें हिन्दुस्तान की जांच पड़ताल करके कि हिन्दुस्तान की जनता को कम से कम जरूरत खाने की कितनी है। उन से कहा कि जांच पड़ताल कर के आंकड़े तैयार करो कि हिन्दुस्तान में कितना अनाज चाहिए 75–76 में हिन्दुस्तान की जनता को खाने के लिए। श्री पीताम्बर पंत ने और योजना आयोग ने, विशेषज्ञों ने, तमाम हिन्दुस्तान की जांच कर के, पता लगा कर के यह लक्ष्य निर्धारित किया कि 75–76 में हिन्दुस्तान की जनता को खाने के लिए 14 करोड़ 60 लाख टन अनाज चाहिए। यह 75–76 के लिए आंकड़ा है 14 करोड़ 60 लाख टन का। मगर उत्पादन हुआ 75–76 में 11 करोड़ 80 लाख टन। मैं यह भी बतला दूं कि जो बाद के विशेषज्ञ हुए उन लोगों ने कहा कि यह 14 करोड़ 60 लाख टन का जो आंकड़ा है यह दस से तीस प्रतिशत कम है। यानी जो 14 करोड़ 60 लाख टन चाहिए हिन्दुस्तान की जनता को खाने के लिए वह कम है दस से तीस प्रतिशत और इस में दस से तीस प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए। हमें जितना अनाज पैदा करना चाहिए था हम उस से बहुत पीछे रहे 75-76 में और 78–79 में जब पांचवी पंच वर्षीय योजना पूरी हो जायेगी तब भी उस लक्ष्य से बहुत पीछे रहेंगे क्यों कि इस में साढ़े बारह करोड़ टन का ही लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मैं प्रति पक्ष के नेता और प्रति पक्ष के माननीय

सदस्यों से जानना चाहता हूं कि क्या हिन्दुस्तान की जनता के साथ धोखा नहीं किया जा रहा है ? या हिन्दुस्तान की जनता आज भी अनाज के मामले में पीछे नहीं जा रही है ? जनता के खाने के लिए जितना अनाज होना चाहिए क्या उसमें ह्रास नहीं हो रहा है। तो जहां तक अनाज का सवाल, है, स्थिति इस प्रकार की है।

जहां तक कपड़े का सवाल, है, उसकी स्थिति भी कुछ इसी प्रकार है। मैं आंकड़ों मे जाना नहीं चाहूंगा। आज दुनिया को मालूम है कि हमारे देश में कपड़े का उत्पादन लगातार घट रहा है। कपड़े की 40–45 मिलें बन्द थीं। दुनिया के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ कि करोड़ों हिन्दुस्तानी जो नंगे हैं उनको अपनी लाज ढकने के लिए कपड़ा नसीब न हो और कपड़े का उत्पादन उत्तरोत्तर घटता चला जाये। इसका मतलब यह है कि प्रति हिन्दुस्तानी के पीछे जितना कपड़ा पहले उपलब्ध था उतना कपड़ा न कल उपलब्ध था और न आज उपलब्ध है। अब नयी जनता सरकार आ गई है तो इस स्थिति में सुधार होगा। अगर कांग्रेस सरकार ही रहती तो इस स्थिति में सुधार नहीं हो सकता था।

उस तरफ से कहा जाता है कि देश में आर्थिक प्रगति हो रही है। इस मौके पर मुझे एक अंग्रेज कवि की बात याद आ रही है। उसकी अंग्रेजी कविता तो मुझे याद नहीं है लेकिन उसका जो अर्थ था वह मुझे याद है। एक अंग्रेज कवि ने एक महासमुद्र के सामने देखा कि उसमें लहरें और तरगें उठ रही है तो उसने कहा ऐ समुद्र तेरे वक्ष स्थल पर जो लहरें और तरंगे उठ रही है और जो यह गर्जन हो रहा है वह सब बेकार है क्योंकि तुम्हारे पेट में बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को निगल रही हैं। जब तक तुम्हारे पेट में यह अन्याय चलता रहेगा तब तक तुम्हारा गर्जन और यह लहरें तरंगे सभी बेकार हैं। उसी प्रकार से भूतपूर्व सरकार और आज प्रतिपक्ष के नेताओं तथा सदस्यों का गर्जन तर्जन सभी बेकार है जब तक उनको यह अहसास नहीं होता कि हिन्दुस्तान की जनता जितनी पहले गरीब थी उससे आज ज्यादा गरीब हुई है और उत्तरोत्तर गरीब हो रही है। पहले हिन्दुस्तान में जितने बेकार थे उनकी संख्या में निरन्तर बढ़ोत्तरी हुई है। हिन्दुस्तान के विद्वानों, अर्थ-शास्त्रियों ने कहा है कि पहले यदि गरीबी की रेखा के नीचे जिन्दा रहने वालों की तादाद 40 फीसदी थी तो आज वह संख्या बढ़ते बढ़ते 66 फीसदी तक पहुंच गई है। बिहार में मुख्य मंत्री तथा वित्त मंत्री ने बतलाया कि बिहार में गरीबी की रेखा के नीचे जीने वालो की तादाद 73 प्रतिशत है। बंगाल में भी ऐसे लोगों की संख्या 73-74 प्रतिशत है। जब इस प्रकार से गरीबों की संख्या बढ़ती जाये तब भी कहा जाता है कि आर्थिक प्रगति हो रही है। इस देश में बेकारों की संख्या बढ़ती जाये तब भी उधर से कहा जाता है कि देश में आर्थिक प्रगति हो रही है।

बेकारी के बारे में आप स्वयं सरकार के आंकड़े देखें तो आप को पता चलेगा कि भारत के एम्पलायमेन्ट एक्स्चेंजों में 1 जुलाई, 1975 को जिन लोगों के नाम रजिस्टर्ड थे उन की संख्या 87 लाख थी जोकि एक साल बाद यानी 1 जुलाई, 1976 को बढ़कर 97 लाख हो गई। यदि आज के आंकड़ों को देखा जाये तो उनकी संख्या एक करोड़ पांच लाख होगी। मैं प्रतिपक्ष के नेताओं और माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि सन 1971 की जो सेंसस रिपोर्ट है उस में कहा गया है कि 61–71 के दर्म्यान दस सालों में लेबर फोर्स 4 करोड़ 20 लाख बढ़ गई। इनमें 1 करोड़ 5 लाख लोगों को काम मिला और बाकी करोड़ों लोग बेकार रह गये।

[श्री चौधरी ठाकुर]

अगर आज 71 से 77 की जनगणना हो तो नतीजे और भी भंयकर निकलेगें। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि हिन्दुस्तान में जो बेकारों की संख्या है उस की सही सही जांच होनी चाहिये। मेरा ख्याल है इस देश के 60 करोड़ लोगों में पांच का एक परिवार मांने तो 12 करोड़ परिवार हुए जिसमें हर परिवार में एक व्यक्ति बेकार है। इस प्रकार से आज देश में 12 करोड़ लोग बेकार है।

आज एक भंयकर परिस्थिति हमारे देश के सामने है। गरीबी बढ़ती गई, बेकारी बढ़ती गई, इतना ही नहीं, समाजवाद के नारे के बावजूद गैर-बराबरी भी बढ़ती गई। मैं इस समय आंकड़े नहीं देना चाहता हूं लेकिन समय आने पर आंकड़े देकर साबित करूंगा। बहुत से लोग इस को साबित कर चुके है कि आर्थिक गैर-बराबरी बढ़ती गई। लेकिन उस के बावजूद भी इन्होंने कहा कि हमारे देश की आर्थिक प्रगति हो रही है, हम तरक्की की तरफ जा रहे है।

अध्यक्ष महोदय, मैं ऐसा इसलिये कहना चाहता हूं--हमारे राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में स्वंय कहा है कि हमारी सरकार की स्थापना हुए अभी तीन ही दिन हुए है। हम को समय नहीं मिला है। अब हम को समय मिलेगा और हम समय निकाल कर एक योजना तैयार करेंगे कार्यक्रम तैयार करेंगे और तब हम देश को बतलायेंगे कि हम किस आधार पर देश का नव-निर्माण करना चाहते हैं। मगर एक बात साबित हो गई है कि आर्थिक लाभ की चाहे जितनी प्रशंसा की गई है, जनता को कहा गया है कि हम बहुत ऊंचे उठ गये है--परन्तु जनता ने आपकी उस बात को नहीं माना। आपने एमर्जेन्सी का चाहे जितना बखान किया हो, आप लोगों को कीर्तन-मंडली ने एमर्जेन्सी का चाहें जितना कीर्तन किया हो, जनता ने उस को मानने से इन्कार कर दिया।

अध्यक्ष महोदय, कविवर दिनकर ने जो बात लिखी है--वह सच साबित हुई है--उन्होंने लिखा है--

> व्यक्ति, वंश या दल विशेष का
> देश गुलाम नहीं है,
>
> उस की ही इच्छा जनता की
> सुबहोशाम नहीं है।
>
> सत्ता एक धरोहर--जनता जब
> चाहे तब ले ले,
>
> अपने पावन बहुमत में जिस को
> चाहे वह दे दे।

अध्यक्ष महोदय, इनका समाजवाद का नारा कितना खोखला है, मैं सिर्फ एक आंकड़े से साबित करना चाहूंगा। मैं उस दिन काठमाण्डू में था और प्रधान मंत्री का ब्राडकास्ट सुन रहा था। बीस सूत्री कार्यक्रम के बारे में प्रधान मंत्री ने कहा था--जहां तक जमीन के बटवारे का सवाल है एक साल के अन्दर जितनी अतिरिक्त भूमि है, फ़ाजिल जमीन है, सरप्लस लैंड है, एक एक इंज भूमि का बटवारा एक साल के अन्दर हो जायेगा। मगर आज क्या स्थिति है? मैंने कल कृषि विभाग से आंकडे इक्ट्ठे करने का प्रयास किया--मेरे पास ये 31 जनवरी 1977 के आंकडे है--ये मेरे अपने आंकड़े नहीं है, इस सरकार के, हमारे प्रतिपक्ष के नेता, जो उस समय विदेश मंत्री थे, उन की सरकार के आंकडे है। इन आंकड़ों में यह बतलाया गया--वह कागज मुझे इस समय मिल नहीं रहा है-- लगभग 34 लाख कुछ हजार एकड़ भूमि अतिरिक्त भूमि के रूप में घोषित हुई जिसमें से 18 लाख कुछ हजार एकड़ भूमि अर्जित की गई, सरकार ने अपने कब्जे में ली। इस में से 11 लाख

कुछ हजार एकड़ भूमि का बटवारा हुआ। लेकिन उस से लाभान्वित हुए – केवल 7 लाख कुछ हजार लोग। मैं सही आंकड़े कागज खोज कर दे दूंगा। मैंने यह भी पता लगाने का प्रयास किया कि सरकार के आंकडों के मुताबिक हमारे देश में भूमिहीन लोग कितने हैं, तो मुझे तो बतलाया गया कि 3 करोड़ 46 लाख लोग भूमिहीन है। अब आप देखिये 3 करोड़ 46 लाख या शायद 4 करोड़ 56 लाख भूमिहीन लोगों में से कुल 7 लाख कुछ हजार लोगों को भूमि दी गई – यानि यह दाल में नमक के बराबर भी नहीं है, समुद्र की एक बूंद के बराबर भी नहीं है। मगर इन्होंने यही कहा कि हमने समाजवाद ला दिया है, हम ने जमीन का बड़े पैमाने पर बटवारा कर दिया है।

दुनियां को मालूम है कि जमीन के बटवारे का नारा जब इन लोगों ने शुरु किया, तब जमीन बांटने के लिये बची नहीं थी और अगर बची भी थी तो बहुत कम बची थी। हम ने जमीन बांटने के लिये सन् 1948 में, 1949 में, 1950 में 1951 में, और 1952 में बड़े बड़े प्रदर्शन किये थे, सम्मेलन किये थे और प्रस्ताव पारित किये थे। जमीन बंटवाने के लिये हमने सत्याग्रह किया था और जेल गये थे। इन्होंने जमीन बांटने की बात तब सोची जबकि जमीन बांटने के लिये नहीं बची। इस तरह से लोगों को जमीन नहीं मिली और न मिलने वाली ही थी क्योंकि कांग्रेस पार्ट जैसी है, कांग्रेस पार्टी का जैसा ढ चा है, इस के नेता जैसे लोग है, उन से जमीन गरीब लोगों में बांटने की आशा नहीं की जा सकती थी। जमीन बांटने के नाम पर लोगों को धोखा दिया गया था।

आप की घंटी बज गई है, इसलिये मैं और अधिक समय नहीं लेना चाहता लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि इन लोगों से समाजवाद नहीं लाया जा सकता था। हमारे दल ने जो घोषणा पत्र प्रकाशित किया है उसमें हम ने कहा है कि हम गांधीवाद पर चलेगें, महात्मा गांधी जी हमारे प्रेरणाश्रोत है और हम लोकतन्त्र और समाजवाद का निर्माण करेगें और आगे आने वाले दिनों में यह साबित करेंगे कि जहां इनका समाजवाद नकली था, वहां हमारा समाजवाद असली समाजवाद होगा और यह साबित करेंगे कि जहां इन का समाजवाद रेडियो वाला, आकाशवाणी वाला था, आसमानी था, वहां हमारा समाजवाद धरती वाला होगा, जमीन वाला होगा और जहां इन का समाजवाद कागजी था वहां हमारा समाजवाद वास्तविक होगा। यह हम आगे आने वाले दिनों में दिखा देगें।

इन शब्दों के साथ मैं धन्यवाद प्रस्ताव पेश करता हुआ अपने भाषण को समाप्त करता हूं और अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

SHRI K. S. HEGDE (Bangalore South): Mr. Speaker, Sir, I have great pleasure in seconding the motion moved so admirably by my esteemed friend, Shri Karpoori Thakur. The last election was unlike the earlier elections. It was a second freedom struggle. It was a struggle to establish the freedom lost during the twenty months prior to the elections.

Sir everyone of us knows that everyone of our freedom was taken away by the then government and the then ruling party. On the 25th June, 1975 without any reason whatsoever an emergency was declared by the then government.

[Shri K. S. Hegde]

Mr. Speaker, Sir, we have now been told that the emergency when it was declared had not been approved by the Council of Ministers as required by the Constitution. An emergency can be declared only when there is a threat to the security of the country either by external aggression or internal disturbance. It is for all of us to consider whether there was any threat to the security of the country on the 25th June, 1975. If there was any threat that threat was to the office of an individual. There was absolutely no threat to the security of the country. Small questions of law and order are now being considered as threat to the security of the country. On 25th June—you remember Mr. Speaker—what had happened was that the Supreme Court of India refused to grant an unconditional stay to the then Prime Minister in her election appeal. There was a demand that she should step down at least for the time being till the case was decided by the Supreme Court. It was at that point of time that Mrs. Gandhi and Mr. Sidhartha Shankar Ray—who was not a member of the Central Cabinet then—the Chief Minister of West Bengal went at midnight to the President and asked the President to declare emergency. It was a strange phenamenon. You know Mr. Speaker—as you have been a member of the Central cabinet— that no important decision can be taken by the Prime Minister alone. But more than that, no outsider could take part in taking a decision which ought to be taken by the Council of Ministers. Such an important decision as to declare an internal emergency was taken by the Prime Minister in consultation with an authority which has nothing to do with the discharge of constitutional responsibility. The Chief Minister of West Bengal was not a member of the Council of Ministers. It was he who appeares to have advised the Prime Minister to declare emergency to save herself. Now, this declaration of emergency appear to have been placed before the Council of Ministers on the next morning. It is very strange that very eminent members who are members of the Council of Ministers nodded their heads in approval. I did not expect an experienced administrator like Mr. Chavan to support such a move. (*Interruptions*) The Council of Ministers did not raise even a little finger when the freedom of the country was destroped by one stroke. What did they do? Immediately after the declaration of internal emergeny, an order was passed by the President under Article 359 of the Constitution saying that no one shall move the court for any relief either under Article 14 or under Article 21. All the rights under Article 19 had already stood suspended in view of the external emergency declared in 1971. The external emergency declared in 1971 when Pakistan declared war on this country and the Pakistan war was over in the course of a few days. One expected that that declaration of emergency will be revoked very soon. Repeated demands were made by the Opposition to revoke the emergency but Mrs. Gandhi and her Government were not willing to revoke the emergency. Repeatedly they went on saying: "We have material before us which we are not prepared to disclose to any body to show that there was threat of external aggression. This was an entirely incorrect statement, and I don't think that there was any material before the Government to show that there was threat of external aggression. But they wanted this power to curb the liberty of the people so that once the declaration of emergency was made under Article 352, automatically all the rights under Article 19 stood suspended. That is what they wanted. They never wanted the people to enjoy the seven freedoms embodied under Article 19 of the Constitution. Now, not being satisfied with that, they did much more. A Notification was sought for from the President suspending the rights under Articles 14 and 21. Mr. Speaker, you remember what Article 21 is. Article 21 protects our life

and liberty. It is the most important Article in the Constitution. It protects our life, it protects our liberty. Now, one such a declaration was made, we lost all right to life and liberty. The effect was summarised by the Attorney-General in the Supreme Court. He said: "Once a right under Article 21 was suspended, one can be shot down nd killed, one can be starved and killed and nobody can question." This is what the Attorney-General said on behalf of the Government of India. That is what has happened. Thousands of people were arrested and detained. Today's paper reports that even the Home Ministry does not know how many people were arrested and detained. A strange phenomenon. Then the Home Minister who probably enjoyed very little power in the Home Ministry at that time because the junior Minister was ruling went on saying 'Oh, a small percentage of people we have detained'. Nobody knows how many people were detained. Thousands of people were detained. According to our information, over a lakh and fifty thousand people were detained during the course of emergency. Not a single finger was raised in protest. Members of Parliament were arrested and detained. Why? Merely because they would not agree with the ruling Party, or with the Prime Minister. That is the only crime that the Members have committed. What crime Mr. Chandrasekhar committed. A member of the Congress Party, a Working Committee member. What crime Mr. Ram Dhan committed. He was the elected Secretary of the Congress Party? why was he detained? Did he do anything at all? Why was Dharia detained. No explanation was coming forth. They were detained merely because they did not agree with the policies of Mrs. Gandhi. Whoever did not agree with Mrs. Gandhi was dubbed as a traitor. Whoever helped her or said 'yes' for everything she said was considered as the greatest patriot in this country. It is the most strange phenomenon that every single Minister of our Cabinet bowed down his head. I think history will record that the attitude of those Ministers had been a shameful one.

In no other country were the Ministers so submissive to the Prime Minister as in this country during the Emergency. Obviously, they were afraid that they would themselves be arrested and put in detention. I know one Member of Parliament. He appears to have told a friend of mine when asked "how do you happen to support such a legislation?" That the only alternative before him was either to vote in favour of the legislation or to go to jail and he preferred to vote with the government. This is what has happened.

MR. SPEAKER : The hon. Member may continue after Lunch.

13.0 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at three minutes past fourteen of the Clock

[SHRI DHIRENDRA NATH BASU *in the Chair*]

MOTION OF THANKS ON THE ADDRESS BY THE VICE-PRESIDENT ACTING AS PRESIDENT—*Contd.*

SHRI K. S. HEGDE: Mr. Chairman, prior to the lunch break I had referred to the manner in which the Council of Ministers were functioning during the Emergency. I had mentioned the fact that instead of functiong as independent and competent representatives of the people they functioned as 'yes' men of Mrs. Gandhi. Even a major decision like the declaration of Emergency was made without even consulting them. That is not all. Many more things have been done. Many atrocities were committed and yet the Council of Ministers closed their eyes, plugged their ears and shut their mouths. They did not take any action whatsoever to protect the interests of the people of this country.

[Shri K. S. Hegde]

On flimsy grounds, people were arrested and detained. I will give you an example in this connection. In my own State of Karnataka, there is a place known as Mudugere. There is a petty astrologer. That astrologer one day sat in a shop and told somebody that Mrs. Gandhi's Government would fall after three months. This information reached the Station House Officer. Immediately the man was arrested and detained. Many students were detained just because they cried out that Emergency should be lifted. They were not even allowed to appear for the Examination. When they sought the court's intervention to permit them to take their examination, the Government opposed. But the High Court of Karnataka permitted them to appear for the examination under Police custody. Immediately the government appealed to the Supreme Court, but unfortunately the Supreme Court over-ruled the decision of the High Court permitting the students to take the examinations. Hundreds of students have been detained and many of them rusticated. Even in the case of students studying in private colleges, instructions were given by the government that once they are arrested and detained, they must be rusticated. Today a few thousands of students in my State have been rusticated and they could not continue their studies. Many officers serving in banks—not only nationalised banks but others also—were arrested and detained and on suspicion. Once they were arrested and detained, they were rusticated from service and they have lost their jobs. Thousands of families are starving....

SHRI CHANDRE GOWDA (Chikmagalur): You can re-instate them:

SHRI K. S. HEGDE: Yes, we will do that. I thought at least now repentance will come to them but I am sorry they have no sense of repentance at all! They have supported arbitrary rule for a very long time. Let them abide by the rule of law at least now. It is strange that not merely in governmental matters but even in other matters the Council of Ministers became almost slaves to Mrs. Gandhi's family. One minister accompanied her son to Russia as if he were the President of India! It is only when the President goes outside that a Minister-in-waiting goes with him. The Chief Ministers vied with one another in receiving him. The whole Cabinet trouped to the aerodrome. I am told in my State not less than Rs. 18 lakhs were spent to give a reception to him. When he came to Gulbarga, people were brought from South Kanara, 600 miles away, in lorries and buses to fill up the place and to show that there was a big audience for him!

Something strange was happening which one could not understand. Not only ministers, but Members of Parliament, particularly those of the Congress Party, competed with one another in supporting every move of the government. In fact, the cartoonist Abu gave a very interesting cartoon. Whenever there was a proposal by the government, many members raised not only one hand but both the hands lest they should be missed! You cannot find many parallels in history for such things. If you want a parallel you must go to Hitler's Germany. The last 20 months, from 25th June 75 to 18th January 77 were the darkest days in the history of this country. Even during the British times such things did not happen—thousands of innocent people were being made to suffer for no fault of theirs.

SHRI VASANT SATHE (Akola): It is strange to hear from you praise for the British rule!

SHRI K. S. HEGDE: They were far better at least in respecting human rights. Whenever the British Government arrested and detained a person, his name was allowed to be published in the papers. Nothing was suppressed. Papers knew who was arrested and where he was detained. But Mr. Sathe's government never

published the name of a single person who was arrested. Many people did not know for many days that Shri Jayaprakash Narain was arrested and detained, or that Shri Morarji Desai was arrested and detained. Did such things happen during the British time? When a person was arrested, the British were good enough to tell him on what charge he had been arrested. Did Mr. Sathe's government mention the charges on which people were arrested? A wrong person might have been arrested. All these things were going on but the MPs did not raise their voice of protest. On the other hand supported everything that the government did. I would not say that Government did it. The Prime Minister did it or the coterie around her did it. Many ministers of the government did not know what was happening. They were as much in the dark as anyone else.

SHRI JAGANNATH RAO (Berhampur): Which Minister told you that?

SHRI K. S. HEGDE: One of the Ministers who resigned. The Home Minister himself said that he did not know how many persons were in detention.

SHRI JAGANNATH RAO: He did not say so.

SHRI K. S. HEGDE: It is a strange phenomenon that happened and such a phenomenon should not be allowed to happen again. That is why my party in its manifesto declared that the power to declare the emergency must be restricted. It must be contained; it must be done only under circumstances which are proper and which are in the interest of the country.

AN HON. MEMBER: And justiciable.

SHRI K. S. HEGDE: I won't say justiciable because there may be difficulties. But there must be certain restrictions on it and it must be exercised under strict control. We know how emergencies have been declared in this country and how they have been continued. You will remember that during the Constituent Assembly debates my friend Mr. H. V. Kamath warned the people 'look by enacting Articles 352 and 359 you are holding the people to ransom. One day some Prime Minister having authoritarian tendency will use this power to enforce dictatorial rule in this country.' He was prophetic and I am sure he has come back to see that such things do not happen again.

आप यह देखिये कि एक साल सात महीने में क्या हुआ ? आप कहते हैं कि इस पीरियड में एक्सेसेज़ नहीं हुए ? कंसेशन किसको दिए गए ? एक साल सात महीने में आप देख लीजिए हिन्दुस्तान में कितने मल्टी नेशनलस आ गए है, कितनी नई नई फारेन कम्पनियां आई हैं ? वे क्यों यहां आती हैं ? इसलिए कि हमारे यहां मजदूर लोग सस्ते मिलते हैं । इसलिए उनके एक्सप्लायटेशन के लिए यह लोग आते हैं । इस की जिम्मेदारी किसके ऊपर है ? यह चीज अगर बदलनी है तो क्या इसमें दखल देने की जरूरत नहीं है ? मोनोपालिस्टस के नफे बढ़ गए । लेकिन आप ने क्या किया ? आपने बोनस का कानून रद्द कर दिया । कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम ले आए । किन को फायदा हुआ ? आप देखिए कि जनता के ऊपर एकोनामिकली, पोलिटिकली हर तरह से विपरीत प्रभाव पड़ा और इतना ही नहीं चौहान जी को मालूम है इसी टाइम में हरिजनों के ऊपर क्या क्या अत्याचार हुए ? हरिजनों के ऊपर अत्याचार बढ़ गए । गवई बन्धु की तो मिसाल उनको मालूम है । जिन्होंने इतना अत्याचार किया उनको चार महीने की सजा होती है और वह भी माफ करने की गवर्नमेंट की कोशिश होती है लेकिन जो पोलिटिकल डेटेन्यूज़ थे उनको एक साल सात महीने तक जेल के अन्दर रखा गया । मानवत हत्याकांड में रुक्मिणी देवी और उत्तम राव वारहात केवल तीन दिन मीसा के अन्दर बन्द थे । उन के लिए तीन दिन का मीसा काफी था जिन्होंने सात सात आठ आठ कत्ल किए । उनके लिए केवल तीन दिन का मिसा और जिन्होंने कुछ किया नहीं, जो आपके पोलिटिकल अपोनेंट्स थे उन को एक साल सात महीने बन्द रखा । जब यह मिसा हाउस में लाए थे तो हाउस को एश्योरेंश दिया था कि मिसा का उपयोग पोलिटिकल अपोनेंट्स के खिलाफ नहीं किया जायगा । ऐन्टी सोशल एलिमेन्ट के खिलाफ उसका उपयोग किया जायगा लेकिन गये साल में उसका उपयोग ऐन्टी सोशल एलिमेन्ट के खिलाफ नहीं किया गया । महाराष्ट्र में जेलों के अन्दर ऐन्टी सोशल एलिमेन्ट केवल एक हजार थे जब कि पोलिटिकर डेटेन्यूज़ 2200 थे । जो एश्योरेंस आपने इस फ्लोर पर दिया था उसको भी आप अमल में नहीं लाए । क्या आप इस बात पर सोच विचार नहीं करेंगे ? अगर आप डिफीट मानते हैं तो इस पर भी आपको सोच विचार करना चाहिए और एक्सेप्ट करना चाहिए कि यह बात हम से हुई है और इस बात को बदलना चाहिए । मीसा के बारे में केवल सोचने से या रिव्यू करने से कुछ नहीं होगा, इसको रिपील करना चाहिए, वापिस लेना चाहिए । इस तरह के कानून जो गैर-कानूनी तरीके से इस देश में लोगों को

[श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर]

डिटेन करते हैं उनको नहीं रहना चाहिए क्योंकि उसके कारण रूलिंग पार्टी के हाथ में अपने पोलिटिकल अपोनेन्ट्स को बन्द करने का अधिकार रहता है। मुझे मालूम है, चव्हाण साहब को भी मालूम होगा कि ब्रिटिश गवर्नमेंट के जमाने में हम जेल में थे, नेहरू गवर्नमेंट के जमाने में भी जेल में थे लेकिन हमें कोर्ट में हेबियस कार्पस के लिए जाने का अधिकार था लेकिन अभी हमारा वह अधिकार भी छीन लिया गया था। किसी को भी कोई अधिकार नहीं था हेबियस कार्पस करने का या कोर्ट में जाने का। ऐसी बात तो इस देश में कभी भी नहीं हुई थी। इसके बारे में भी आपको सोचना होगा। आप लोकशाही के अधिकार छीन लेंगे तो क्या आप समझते हैं कि उसके बारे में जनता सोचती नहीं है। जनता ने इसको सोचा है। अगर आप समझते हैं कि आगे आने वाले दिनों में आप फिर आने वाले हैं तो आप सोच समझ लीजिए कि अगर इसी तरह से आप राज करेंगे तो कभी भी नहीं आ पायेंगे।

जनता पार्टी के जो सदस्य यहां पर चुनकर आये हैं, मैं ऐसा मानती हूं कि उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आई है। उनको इस बात को अपने ध्यान में रखना चाहिए कि लोकशाही को केवल ला देने से कुछ नहीं होता, आगे आने वाले दिनों में लोकशाही की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

इस सम्बन्ध में कुछ बातें जो कि एड्रेस में नहीं हैं वह मैं यहां पर बताना चाहती हूं। दो तीन ऐसे अधिकार हैं जो कि कांस्टिट्यूशन में आने चाहिए। पहली बात तो यह है कि जो कांस्टीट्यूशन एमेन्ड किया गया है उसके स्थान पर फिर से पुराना कांस्टीट्यूशन आना चाहिए। दो तीन और अधिकार हैं जिनको कांस्टीट्यूशन में रखना चाहिए। एक अधिकार है राइट टु वर्क, काम का अधिकार जो कि जनता पार्टी ने अपने मैनिफेस्टो में रखा है। इसका समावेश कांस्टीट्यूशन में होना चाहिए। दूसरा अधिकार है राइट टु रिकाल, यानी वापिस बुलाने का अधिकार। आपको मालूम है इस देश में आयाराम गयाराम बहुत हो गए हैं। इस बात के खिलाफ कानून बनाने की कोशिश करें। राइट टु रिकाल का अधिकार कांस्टीट्यूशन में होना चाहिए। जो सदस्य चुन कर आता है, वह जिस पर्पज और जिस कारण से चुन कर आता है उसको अगर वह पूरा नहीं करता है तो जो लोग उसको चुन कर भेजते हैं उन्हें उस सदस्य को वापिस बुलाने का अधिकार भी होना चाहिए। लोकशाही में यह अधिकार होना चाहिए और कांस्टीट्यूशन में इसको रखना चाहिए। इसी प्रकार से आप लोकशाही की रक्षा कर सकेंगे। तीसरे प्रपोर्शनल रिप्रेजेन्टेशन का अधिकार भी कांस्टीट्यूशन में होना चाहिए। ऐसा करने से ही आगे आने वाले दिनों में लोकशाही की रक्षा हो सकेगी और लोकशाही और भी मजबूत होगी---यह बात मैं कहना चाहती हूं।

अब आप आर्थिक समस्याओं की ओर देखिये---कीमतें बढ़ रही हैं---इस बारे में अवश्य कुछ कार्यवाही होनी चाहिये। मजदूरों के बोनस का मामला है---उसको रेस्टोर किया जाना चाहिए। मिनिमम-लिविंग-वेज तो मिलना ही चाहिये---इसके बारे में जो भी प्रबन्ध आप कर सकते हैं, जल्द से जल्द होना चाहिये। गरीबी और दरिद्रता हटाने की बात भी बहुत जरूरी है---लेकिन जो चीज आप फौरन कर सकते हैं उसको करने की कोशिश होनी चाहिये।

लोकशाही की रक्षा के लिये हमारे प्रेसिडेंट महोदय ने कहा है कि इस चुनाव के बाद एक नया दृश्य हम देखते हैं, एक नई लोकशाही का आज अभ्युदय हुआ है, जो दो पार्टियों की लोकशाही है। लेकिन मै यह भी ऐलान करना चाहती हूं कि यहां पर कुछ दूसरी पार्टियां भी हैं, जिन्होंने मजदूरों में समाज के प्रति जागृति पैदा की है, देश की जनता को इस समाजवाद के प्रति जागृत किया है। इन पार्टियों का सहकार भी सरकार चलाने में, काम-काज चलाने में लेना चाहिये और वह आपको लेना

पड़ेगा । इन पार्टियों को अलग रखने से, उनको उचित मान न देने से कारोबार ठीक से नहीं चलेगा, क्योंकि वे भी जनता की रिप्रेजेन्टेटिव हैं, जनता का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं । इसलिये मेरा कहना है कि इस बारे में भी ध्यान रखा जाना चाहिये ।

अब मैं कुछ थोड़ा सा कांग्रेस बैंचिस को कहना चाहती हूं आप को यह ध्यान में रखना चाहिये कि इस बार जनता ने कांग्रेस को डिफीट दिया है । यह डिफीट आप को वोटों के द्वारा दी है, लेकिन जनता का संताप आप ने अभी तक नहीं देखा है । सचमुच जनता में आप के प्रति बहुत गुसा था । कोई भी ऐसा नहीं समझता था कि जनता इस तरह से अपने गुस्से को प्रदर्शित करेगी । इस से कांग्रेस वालों को शिक्षा लेनी चाहिये । यशवंत राव जी ने इस बात को मान लिया है, इस लिये जब आप इस बात को मानते हैं तो आप का फर्ज है कि दूसरों की बातों को धैर्य के साथ सुने, क्योंकि इस चुनाव के बाद अब बहुत लोगों की की जुबान खुल गई है, इस से पहले अगर कोई कुछ कहने की हिम्मत करता था तो आप उस की जुबान जरुर खीचने वाले थे । कुछ लोग कहते हैं– अगर बाबू जगजीवन राम पहले कुछ बोलते तो हमारे साथ जेल में जरूर आते । आप को मालूम है प्रेस पर पाबंदी लगी हुई थी, जनता को कुछ भी पता नहीं चलता था कि आप ने किस किस को बन्द किया है । हम लोग जब पकड़े गये तो प्रेस में कुछ नहीं आया, लेकिन छूटने के बाद प्रेस में आया कि इन सब लोगों को छोड़ा गया है । तो यह जो प्रेस की पाबन्दी थी, पिछले 30 साल में हिन्दुस्तान में ऐसा कभी नहीं हुआ । मुझे यही कहना है कि जिस तरह से प्रेस कानून सरकार ने वापस लिया है इसी तरह से मीसा का कानून भी जल्द से जल्द वापस लेना चाहिये ।

आप ने यहां पर एक बहुत अच्छी बात कही है कि रेडियों, दूरदर्शन आदि के लिये आप कुछ इण्डीपेन्डेन्ट व्यवस्था करने जा रहे है । पिछले दिनों में इस मास मीडिया का उपयोग केवल एक पक्ष के लिये, केवल एक व्यक्ति के लिये होता रहा है ।

आखिर में मुझे यही निवेदन करना है यहां पर अनेकों सदस्यों ने जिन व्यक्तियों के प्रति अत्याचार किये गये है उन की जांच की मांग की है उस में उन की पार्टी का कितना हिस्सा था, मुझे मालूम नहीं है, लेकिन जिन व्यक्तियों के लिये विशेष रूप से मांग की गई है, जैसे मारूति कार का मामला है, इन की अवश्य जांच की जानी चाहिये । लेकिन एक बात बहुत जरुरी है –बहुत से मामलों में अधिकारियों का उतना दोष नहीं था, ऊपर से आर्डर दिया गया था, इस लिये उन्होंने वैसा काम किया, इस लिये मेरा कहना है कि ऊपर तक जांच कर के, तब उनके खिलाफ़ कार्यवाही की जाये ।

16 hrs.

श्री सुशील कुमार धारा (तामलुक) : सभापति महोदय, मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि मुझे इस पवित्र संसद में कुछ बोलने का मौका आप ने दिया है । मैं एक नया मेम्बर हूं और मुझे हिन्दी में बोलने की आदत नहीं है लेकिन मैं हिन्दी में बोलना ठीक समझा है । पहले मैं ने यह तय किया था कि मैं बंगला में बोलूगां और इस के लिये अध्यक्ष महोदय की इजाजत भी ली थी लेकिन बाद में मैं ने तय कर लिया कि मैं टूटी फूटी हिन्दी में ही बोलूंगा । मुझे आशा है कि अगर बोलने में कोई भूल हो जाय, तो उसे आप क्षमा करेंगे ।

[श्री सुशील कुमार धारा]

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बहुत अच्छी अच्छी बाते हैं और उस का मैं स्वागत करता हूं। इस में पहले पहल यह दिया दिया हुआ हैं :

"The people have given a clear verdict in favour of individual freedom, democracy and the rule of law and against executive arbitrainess, the emergence of a personality cult and extra-constitutional centres of power"

यह अच्छी बात है। इस के बाद इस में यह कहा गया है :

"My Government pledges itself to fulfil in every way the mandate given to it by the people. In doings so, it will not take the people for granted or assume that they know nothing and that the Government alone knows all answers and solutions."

आज जो लोग विरोधी पक्ष में हैं वे समझते थे कि आम जनता जो है वह कुछ समझती नहीं लेकिन आज उन की राय के जरिये से उन को मालूम हो गया होगा कि उनकी क्षमता क्या है। वे समझते हैं या नहीं ? मैं यह कहूंगा कि वे सब कुछ समझते हैं। जब हम इलैक्शन के नाते अपनी कांस्टीटुयेन्सी में या दूसरी कांस्टीटुयेन्सी में जाते थे तो वे कहते थे कि 30 साल तक हमें धोखे में रखा है और अब हम जनता पार्टी को वोट देंगे और देखेंगे कि पांच साल में क्या होता है। वे कहते थे कि जो गुनाह पहले हो चुके हैं उस से ज्यादा गुनाह पांच साल में क्या होंगे। जो कुछ होना था वह तो हो चुका है और हम लोगों को जितनी सफरिंग्स होनी थी, वे हो गई हैं। अब और पांच साल में उस से ज्यादा सफरिंग क्या बढ़ेगी। इसलिये उन्होंने कहा कि इस बार हम जनता पार्टी को वोट देंगे। जत्ती साहब ने स्वीकार किया है कि यह जनता का राय है और उन्होंने अपने अभिभाषण में यह भी कहा कि जनता पर तानाशाही जारी हुई थी। जनता के ऊपर और देश के ऊपर जो अत्याचार हुआ उस की पूरी पूरी स्वीकृति इस अभिभाषण में दी गई है। जिस समय जत्ती साहब भाषण दे रहे थे उस समय एक तस्वीर हमारे मन आई और वह तस्वीर कैद में बैठ कर हम ने देखी थी जोकि स्टेट्समैन पत्रिका में निकली थी। जब प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी विदेशों का सफर कर के लौटी थी, तो पालम हवाई अड्डे पर जब वे उतरीं तो जत्ती साहब उन का स्वागत करने के लिये गये थे। जरूर जाएंगे। क्यों नहीं जाएगे ? लेकिन जत्ती साहब की जो तस्वीर स्टेट्समैन में निकली, उस को देखकर अफ़सोस हुआ। जत्ती साहब अपने हाथ जोड़ कर और सिर को जमीन के बहुत नजदीक ले कर उन को नमस्कार कर रहे थे। उस तस्वीर को देखकर मन में बहुत दुःख हुआ था। बड़ा दुःख हुआ था कि जो सज्जन हमारे देश के सब से ऊचे पद पर बैठे हैं वे हमारी तानाशाही प्रधानमंत्री के सामने अपनी गर्दन झुका लेते हैं। अकेल जत्ती साहब ही यह नहीं करते थे उनके साथ साथ चह्वाण साहब जो कि अभी बैठे नहीं हैं वे और बहुत सारे बड़े बड़े आदमी, बड़े बड़े नेता लोग भी तानाशाह श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने अपना सिर झुकाते थे। यह अफसोस की बात है। अब जब हम उनके इस भाषण को देखते है तो ऐसा लगता है कि जत्ती साहब अपने मन से ऐसा भाषण दिया है। यह उनके हृदय से निकली आवाज है, उनकी अनुभूति से आई बात है और उन्होंने अपने हृदय से वे सारी बातें हमारे सामने रखी हैं। वे जानते थे कि लोकतंत्र चला गया और श्रीमती इंदिरा गांधी की तानाशाही जारी हो गई। उसमें श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो काम किया वह हिन्दुस्तान के लिये निन्दा की बात थी। आज जब हम

उनके भाषण को देखते हैं तो वह बात मालूम हो जाती है। वे कहते हैं—

"The traumatic experience of the last two years during which many atrocities were committed on the people and they had to undergo untold sufferings and some have even died, has brought home the relevance of this."

यह कंडीशन उस समय थी। विरोधी पक्ष के जो लोग हैं वे सब इस बात को मान लें और हम उनसे नर्मतापूर्वक बोलते है कि वे इसके विरोध में एक बात भी न बोले।

जत्ती साहब उस समय भी थे आज भी उसी जगह पर हैं। लेकिन हमारे नेता लोग जो पहले इधर बैठते थे वे अब उधर चले गये हैं। आपकी कुछ उपलब्धियां है यह हम मान लेते हैं। लेकिन लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने आपसे यही तो कहा था कि आप अपना सुधार करें। यह तो आपने किया नहीं और जयप्रकाश जी को गिरफ्तार कर लिया। जब लोकनायक गिरफ्तार हुए तो उन्होने कहा कि विनाशकाले विपरीत बुद्धि जो कि ठीक साबित हुआ। आज श्रीमती इंदिरा गांधी का विनाश हो गया, उनकी पार्टी का विनाश हो चुका है, जितनी तानाशाही हमारे हिन्दुस्तान के ऊपर कल छा गयी थी उसका विनाश हो गया है। जनता की राय से यह सब हुआ। यह सब बाते लोक नायक ठीक बोले। अभी त्रिपुरा का मंत्रिमंडल खत्म हुआ। श्री बरूआ जी ने श्री बंसीलाल, श्री ओम मेहता और नारायणदत्त तिवारी को खारिज कर दिया अ.र ए० आई० सी० सी० में नौजवानों के दल का क्या हुआ यह सब के सामने है। इसके अलावा श्री गोखले जी के लिये सुप्रीम कोर्ट की वार एसोसियेशन ने एक प्रस्ताव किया। अभी हमारे सामने एक सूचना आई कि अनाज का भाव गिर गया तेल का भाव गिर गया।

इसके अतिरिक्त विरोधी पक्ष के जो नेता लोग हैं वे विनमता पूर्वक हमारी जनता की राय को मान ले और मान कर अगले आने वाले दिनों के लिये अपने को तैयार करें।

एमरजेंसी जब लागू थी उस समय श्रीमती इंदिरा गांधी और उनके सहयोगी कितनी झूठी बातें सारे हिन्दुस्तान को और दुनियां को बताते थे इसका एक उदाहरण में आपको देना चाहता हूं। वे कहा करते थे कि कोई पोलिटिकल परसन कैद में नही रखा गया है जबकि वास्तविकता यह थी कि हजारो लोगों को कैदखानों में डाल दिया गया था। यह कहा करते थे कि पोलिटिकल कारणों से किसी को कैद नही किया गया है। हर बार यही कहा करते थे कि एंटी सोशल एलीमेंट्स को और इकोनोमिक आफंडर्ज को ही कैद किया गया है। हम सब लोग जो कैद हुए थे इकोनोमिक आफैंडर थे या एंटी सोसल एलीमेंट्स थे ? तब य लोग कहते थे कि हम लोग पोलिटिकल नहीं हैं। हम कैद में थे लेकिन पोलिटिकल परसंज नहीं थे। मैं आपकी जानकारी के लिये बताना चाहता हूं कि लाखों आदमीं अब भी कैद में है। उन में बेचारा रिक्शा वाला है, ठेले वाला है, बीड़ी वाला है। लाखों लोगों को बिना कारण कैद में डाल रखा है। उनकी क्या परिस्थिति होगी ? मैं अपनी सरकार से अर्ज करता हूं कि उनका भी कुछ बन्दोबस्त होना चाहिये। उनकी फैमिलीज खत्म होने वाली हैं और कई तो खत्म हो भी चुकी हैं। एक पैसा भी उनको नही दिया गया है। हम जब कैद में थे तो उन से हमारी बातचीत हुई थी। वे बेचारे रोने लगते थे। कितने ही आदनी इस तरह के हैं सारे हिन्दुस्तान में। उनके बारे में इस भाषण मेंने कुछ नहीं देखा जिस कारण मेरे मन में दुख हुआ।

[श्री सुशील कुमार धारा]

अब मैं प्रेस के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूं। हमेशा यही कहा जाता था कि प्रेस सैंसरशिप नहीं है उस तरह की कोई चीज नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि अभी कुछ दिन पहले तक प्रेस पर सैंसरशिप था कुछ न कुछ। आज हमारे नई मंत्री सभा ने उसको समाप्त किया है और अब वह पूरी तरह से हट गया है। इन लोगों ने देश को धोखा दिया है, बहुत मर्तबा दिया है, कई प्रकार से दिया है इसको कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं।

आर्थिक परिस्थिति और अनाज उत्पादन आदि के बारे में हमेशा झूठ बोलना इनकी आदत हो गई थी। अनाज के उत्पादन के बारे में कोई कहता था कि दस करोंड़ टन हुआ है, कोई ग्यारह करोड़ टन और कोई बारह करोड़ टन कहता था। ओम मेहता साहब कुछ कहते थे, खाद्य मंत्री कुछ और श्रीमती इंदिरा गांधी एक तीसरी बात। एक बात नहीं कही जाती थी, कोई निशाना या लक्ष्य नहीं था। कितना अनाज का हमारा उत्पादन हुआ यह कोई ठीक से नहीं बताता था। आज जब हम कागज पत्र देखते हैं तो हम पातें है कि 1977 एक खतरे का साल है। इस साल अनाज कम पैदा होगा। इसका दोष शायद ये लोग नई सरकार पर थोपना चाहते हैं। लेकिन इसका वास्तविक दोष इन पर है। इनके गुनाहों के कारण अनाज कम पैदा होगा। इसके बारे में भी हमारे जत्ती साहब ने अपने भाषण में कुछ नहीं कहा है, कुछ निशान हमें इस में दिखाई नहीं दिया है और इसके वास्ते भी हमारे मन में बहुत दुख है।

भाषण के पहले और चौथे पन्ने पर बहुत अच्छी बातें दी गई हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं। हमारे देश मे पांच करोड़ नौजवान आज बेकार हैं। कब से और क्यों बेकारी शुरू हुई। आप ने बेकारी दूर करने के लिये क्या बन्दोबस्त किया था ? कोई योजना इस बारे मे बनाई ? पांचवी योजना मे बेकारी दूर करने के लिय जो योजना कांग्रेस सरकार ने बनाई थी उस के बारे मे प्लानिंग कमीशन के एक मेम्बर श्री आमात्य सेन ने कहा कि इस को बड़ी धूर्तता के साथ चलाया। अनएम-प्लायमेंट प्रौबलम के बारे मे क्या करेंगे, कुछ नहीं कहा। इसीलिय वर्तमान सरकार ने पांचवी योजना को रिव्यू करने का निश्चय किया है। इसकी मुझ खुशी है।

हमारे पश्चिम बंगाल मे खेती होती है। 80 प्रतिशत लोग खेती पर डिपेंड करते हैं। उन की आर्थिक परिस्थिति को बदलने के लिये खेती पर पूरा जोर देना चाहिये। खेती के बारे मे जो कुछ सरकार करने जा रही है उस से हम सहमत हैं। हमारे यहां सिंचाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। सारे देश मे 13 करोड़ हैक्टयर पर खेती है लेकिन सिंचाई का पानी मिलता है 3 करोड़ हैक्टयर को। 10 प्रतिशत ज़मीन इरीगेटड है। पानी हमारे देश मे बहुत है, लेकिन उस का उपयोग सिंचाई के लिये ठीक मे नहीं होता है।

इसी तरह से डीसेलाइनेशन के बारे मे भी कोई योजना होनी चाहिये। बहुत सारी ज़मीन इस प्रकार उपज के लिये निकल सकती है। खेती के बारे मे जहां अभिभाषण के चौथे पेज पर एग्रो इडस्ट्रीज़ आदि के बारे मे कहा गया है वहां मैं चाहूंगा कि डीसेलाइनेशन के बारे मे भी कुछ व्यवस्था होनी चाहिये।

संविधान का हमने क्या हाल किया है इमरजेंसी घोषित होने के बाद ? काफ़ी चेन्ज़ज इस दौरान किये गये हैं। और 26 साल मे हम ने संविधान मे 44 बार संशोधन किये। हमारा देश गणतांत्रिक है, अमरीका भी है, लेकिन अमरीका मे 200 साल मे 23 मर्तबा संशोधन हुआ, जब कि हमारे यहां 26 साल मे 42 या 44 मर्तबा संशोधन हो चुका है। यह क्यों हुआ ? यह इन्दिरा गांधी जी की अपनी सुविधा के लिये, फैमिली के कब्जे में

सारे हिन्दुस्तान को रखने के लिय हुआ और कुछ नहीं हुआ ।

हमा रे मन में आज यह संतोष है कि रायबरेली की जनता ने और सारे हिन्दुस्तान की जनता ने उनको ठुकरा दिया है और लाखों लाखों देश के नौजवान उनको छोड़कर जनता के साथ आ गये हैं । हम नहीं जानते कि वह अब क्या करेंगी ? हमा रे हिन्दुस्तान में र हेंगी या नहीं रहेगी, या भागने की कोशिश करेंगी ? यह हमारी जानकारी मे नहीं है । यह आनन्द की बात होगी अगर उनको भागने नहीं देंगे, बहुत सारी ऐसी चीजें निकलेंगी जो कि हमारे कांस्टीट्यूशन को सुधारने के नाम पर उन्होंने गुनाह किये हैं । हमारे संविधान के रचयिता श्री हरि विष्णु कामत ने बोला :

It is neither mending nor amending but ending the constitution.

उस कांस्टीट्यूशन को हमे फिर बचाना है और ठीक ज ह पर रखना है । जो कुछ श्रीमती गांधी ने अपनी सुविधा के लिये, अपने इलैक्शन की करप्शन को बचाने के लिय किया था, उसका पूरा पूरा इलाज किया जाना जाना चाहिये ।

हमारे देश मे उपज बढ़ाने के लिय खाद की बहुत जरूरत है । स्वतंत्रता के बाद 30 सालों मे हमारी खाद का कितना टारगैट हुआ । सलवाना में हम ज्यादा से ज्यादा खाद पैदा करते हैं । 18 लाख 95 हजार मीट्रिक टन खाद हम तैयार करते हैं । इसमे नाइट्रोजन भी शामिल है । हमको जो खाद मिलती है तो एक हैक्टर की जो सिंचाई वाली जमीन है उसके लिय हमको 50 के० जी० से ज्यादा खाद नहीं मिलती है । जिस को खेती करने का अनुभव है, उनकी समझ मे यह आ जायगा कि यह खाद काफी नहीं होती है। सिंचाई के आलावा जो जमीन है उसके लिये तो यह खाद बहुत ही कम हैं । इसका पूरा बन्दोबस्त होना चाहिये ।

हल्दिया हमारी कांस्टीटुएन्सी के बीच मे है । वहां पर फर्टिलाइज़र प्लान्ट बनने की बात आगे से चल रही है । पता लगा था कि उसका वहां पर कमीशन्ड होने की बात 1972 मे थी, लेकिन आज घोषित हुआ कि 1977 मे उसका कमीशन हो ा । हम इलैक्शन के दौरान कई बार वहां पर गये, लोगों से बात-चीत की और वहां जितने एम्पलाईज़ हैं, उनसे बातचीत की । वे बोलते थे कि 7, 8 ,10 साल तक यह कमीशन्ड नहीं होने वाला है । कब हो ा पता नहीं ।

जब वह फर्टिलाइज़र फैक्टरी प्रोडक्शन देगी, तो कितना देगी । अगर प्रोडक्शन होगा तो उसकी क्षमता 3 लाख 23 हजार मीट्रिक टन होगी । इस बारे में चीन के प्रैज़ीडैंट माउत्सेतुंग ने एक महत्वपूर्ण बात कही थी—

The pig is the mobile fertilizer factory

वह मोबाइल फर्टिलाइज़र फैक्टरी के नाम पर बोलते थे । और हम बोलना चाहते हैं कि–

The cow should be taken as the mobile fertilizer factory in India.

भारत मे गाय को हम जरूर मोबाईल फर्टिलाइज़र फैक्टरी समझते रहे हैं । हमें यह समझना चाहिये कि इसके बारे में हमें कुछ बन्दोबस्त करना है, नहीं तो फर्टिलाइज़र हमें कभी भी उपज के लिये नहीं मिलेगा । हमारा कहना है कि हमारी सरकार इसका इन्तजाम करे । अगर हमारे जत्ती साहब के अभिभाषण में इसका कोई ज़िक्र मिलता तो हमारे मन में बहुत आनन्द होता ।

हमारे देश से छः लाख से ज्यादा गांव हैं और तीन हजार टाउन हैं । इन गांवों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने पर ही हिन्तुस्तान की साठ करोड़ जनता की आर्थिक उन्नति हो सकती है । इस लिए मैं गांधीजी की इस शिक्षा को याद कर के अपना भाषण समाप्त करता हूं कि हमें अपने देश के गांवों की तरफ़ ध्यान

[श्री सुशील कुमार धारा]

देना चाहिए—उन की उन्नति से ही हिन्दुस्तान की उन्नति होगी ।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

SHRI J. RAMESHWARA RAO (Mahabubnagar): Mr. Chairman, Sir, may I congratulate the Prime Minister and his colleagues on their assuming office? We have witnessed a great change in the political scene in India. The elections that have just been held have been remarkable. People all over the world appear to have been in a sense emotionally involved in our election experience and have been deeply affected by the whole process, the results and the the consequences. The electoral process which we have gone through should convince anyone, including Mr. Hegde, if convincing is still necessary, about the deep and abiding commitment of the people of India and the Indian National Congress to democratic values and democratic processes.

In the last few days, many have a accused our party of being undemocratic and inclined to authoritarianism. They have even objected to some of us saying that Indiraji should be complimented on accepting the verdict of the people with humanity and grace and helping in the smooth transition from Congress Party rule to Janata Party rule. Surely, Mr. Chairman, if we were not committed to democracy, democratic values and democratic processes, the Janata Party would not be sitting on the Government beches today.

I suppose these facts will come to be appreciated in time and in their correct perspective when the sound and fury of the elections subside and the dust of controversy settles.

Though I have had two very brief and insignificant spells on the opposition benches, this is really the first time that I am functioning as a member of the Opposition. I had thought that I could make the transition from the Government benches to the Opposition benches with ease, but, as I stand up to speak, I do feel slightly embarrassed.

Who are the hon. Members sittings on the Government Benches? Elders, teachers, colleagues, friends, comrades-in-arms, and I recall shared ideals, joint effort and endeavour of over 35 years in the cause of a common objective, of achieving freedom and strengthening democracy. Looking back, one finds there has been really so little that we basically disagreed upon and yet today face each other with, I hope, what can really be only different approaches to the common goal, that is, the welfare of the million of people of this ancient land. The removal of hunger, of poverty, of want, of disease and the creation of opportunities for a better and fuller life for everyone. This has to be achieved without individual pettiness, selfishness, greed or self-aggrandisement.

The President's Address refers to the verdict of the people and the need for consequential action. We accept the verdict of the people in all humility.

We shall not only function as a responsible and constructive Opposition but, I hope, as an effective Opposition. We shall also extend all our help in the implementation of the real verdict of the people. We wish the new government well. The country's requirements do not change with a change in government. The need of the hour is a just, and stable government which can bring about rapid socio-economic growth. We shall, of course, do nothing that may lead to destabilisation and I hope, Mr. Chairman, my friends Opposite will not object, if I were to say, I hope that the new government and the party power will not act in their enphoria of victory in a manner

which may lead to de-stabilisation as that would only delay progress and the implementation of our programmes of economic development.

With a person like Shri Morarjibhai as the Prime Minister the new government cannot but create confidence in the people of this country. Why only Morarjibhai? Everyone in the new government is a person of ability and distinction. With such a galaxy of talent we shall all feel confident and yet one can commit mistakes. Our party made mistakes. There is no shame in accepting that we did make mistakes. If we had not made mistakes we will not be sitting in the Opposition today.

The new government and the new party can also make mistakes. It will be our duty and endeavour to point out these mistakes and suggest correctives. We shall naturally feel free within the rules of constitutional propriety to draw the attention to the lapses and shortcomings of the functioning of the new government. When we find that policies are being initiated which in our opinion are not conducive to the welfare of the people or for achieving the common objective that we have all put before ourselves, that is, of a better life for the million of our countrymen then we shall disagree with the policies, that the new government wishes to embark upon and will put before this Parliament and the people alternative policies which we may consider more suitable for the achievement of the common objective.

Yesterday my colleagues Sarvashri Shyamnandan Mishra and Purushottam Mavalankar found fault with one of our colleagues for referring to the voting pattern in the recent elections. I am sorry both Shyambabu and Purushottam are not here. I would like to assure both of them and our other friends Opposite that there never was any intention to create regional differences. We are all Indians first and Indians last and the region from which we come from is not important. What one of my colleagues was trying to point out was—and if they only had the patience to listen—they would have understood him.

What one of my colleagues was trying to point out was that while the majority of the people have given their verdicts against us, the voting pattern did reveal a certain peculiarity. We find it difficult to believe that this was an accident. There must have been political, sociological or economic reasons for this kind of a voting pattern. The voting in the middle belt was divided. At one end it was totally against us; at the other end it was totally with us. Could it be that the emergency and the so-called excesses of the emergency did not touch some parts of the country, or could it be that family planning was differently understood or implemented in these areas? I know that in the years to come, scholars would write learned doctoral theses on this subject, and yet let us not overlook this fact in the immediate present. It will require great tolerance and sympathetic understanding between the Government and the opposition to ensure that the different voting patterns in different regions are not exploited to the country's disadvantage.

Would you not, Mr. Chairman, agree that this can easily be exploited by unscrupulous persons? Is it not the duty of the opposition to caution the Government against possible dangers? Speaking to some of my own colleagues, I have expressed the hope that the Congress Working Committee will go into this question and take appropriate action to study and analyse, have an analysis conducted on how and why this voting pattern occurred. It would help our functioning. To say that the overwhelming majority of the respected leaders of the Janata Party came from a particular region

[Shri J. Rameshwara Rao]

and hence they had a greater impact in that region is a very superficial reading of the situation. Shri Jayaprakash Narayan is not a regional leader—he is an all-India leader who is greatly respected all over the country. The Chairman of the Janata Party, now the Prime Minister, is not a regional leader. He has been one of our colleagues and yet in his own State, the verdict was divided. It was a mixed verdict. All these indicate the need for a careful study but I do hope that in this process of study and analysis, there will be no mud-slinging or recrimination.

The President's Address, Mr. Chairman, lists a series of Acts that have to be annulled or amended. There is a reference to proposed constitutional amendments including the repeal of the 42nd Amendment. We shall wait to see the Bills in their final form and shape before we give our reactions. There may be areas in which we would support the Government because we are sensitives enough to the verdict of the people, but there may be other areas which do not steam from the verdict of the people and there we may have to disagree with Government proposals. Each Bill and each clause will have to be evaluated and considered on its merits. While there will certainly be no blanket opposition to the Government's proposals, there can be no assurance of blanket support. I hope this will be understood as a fair and constructive approach.

I shall not at this juncture go into details except to say that after 30 years of independence we seem to be moving towards a healthy two-party system for the first time. This augurs well for stability, democracy and progress. But the very emergence of a two-party system imposes its own limitations and logic on the functioning of both Government and the Opposition. Neither the Government nor the Opposition can go even a little outside the realm of practical responsible functioning. We cannot vie with each other in the promises we make to the electorate which on the face of it may be unrealistic and may lead to economic, financial or social disorder. I was amazed that yesterday the hon. Finance Minister spoke of cutting back on investment. How can one cut back on investment and eradicate poverty in ten years? But I agree that the investment should be judicious. Fresh investment should not lead to inflationary pressures. Fresh investment should be such that the returns from it are quick. That is, the gestation period on capital projects has to be short. Projects chosen have to yield results quickly. I will give you one example —oil exploration. The investment in oil exploration is high and yet you will be interested to know that the amount invested in oil exploration comes back to us in 12—18 months. The gestation period is short. I am only citing this as an example. At the same time, Mr. Chairman, we cannot and should not initiate or advocate policies that may lead to either a wage-push or cost-push inflation. This country cannot afford it.

There would have to be some areas where we would have to evolve a bi-partisan policy by mutual discussion and consultation between the Hon'ble Ministers of the Government and if I may use the British phraseology the Members of the Opposition's shadow cabinet. Obviously foreign affairs is one such field. I am happy to see that there is a reference in the President's address wherein non-alignment is accepted as the policy of the new Government. That is what I mean by a bi-partisan policy. The other field that readily comes to my mind is education, especially campus discipline and student behaviour. These are fields where there can be, in India's present stage of development, very little difference of opinion. There may be other areas too, but this will be possible only if there is mutual trust and confidence and, as I said earlier, shared ideals and objectives. With these comments, and

subject to the qualifications I have made, I support the Motion of Thanks to the President.

श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे (जौनपुर) : अधिष्ठाता महोदय, मैं आप का बड़ा आभारी हूं कि कम से कम आप ने मुझे अन्त में समय दिया, अभी तो 20 मिनट बाकी हैं.....

एक माननीय सदस्य : अभी तो 6 बजे तक चलेगा, आप बोल सकते हैं ।

श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे : हमारे पार्लियामेन्ट्री अफेअर्स के मिनिस्टर महोदय को हम लोगों को बताना चाहिये था, लेकिन उन्होंने हमें इतना बताने की कृपा भी नहीं की । मैं उस में नहीं जाना चाहता हूं ।

अधिष्ठाता महोदय, मैं बड़े ध्यान से विरोधी दल के नेता का भाषण सुन रहा था । मुझे आशा थी कि जो व्यक्ति वर्षों महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री रहे, भारत सरकार की हर-एक कुर्सी पर आसीन रहे और डेमोक्रेसी का दम भरते रहे, डेमोक्रेसी की यह परिपाटी है कि जब आप कुछ कहें तो उस का उत्तर सुनने के लिये आप भी उपस्थित रहें, कम से कम मुझ को तो डेमोक्रेसी के बारे में यही बतलाया गया है, परन्तु मैं समझता हूं शायद लोक सभा की और उन की डेमोक्रेसी के अन्दर जिस में एमर्जेन्सी के दौरान लोगों को ठूंस-ठूंस कर जेलों में बन्द किया गया, दूसरों की बातें सुनने का कष्ट भी गवारा नहीं किया जाता ।

मैं दो बातें उन के भाषण में सुन पाया ——एक तो उन का अरण्य-रोदन, बार-बार रोये की एमर्जेन्सी हमेशा के लिये खत्म हो गई, एमर्जेन्सी कांग्रेस के दर्शन का नहीं है, लेकिन वे रोये चुनाव के बाद, चुनाव में पिटाई के बाद । इनके जो सुरक्षा मंत्री थे, वे हाथ जोड़-जोड़ कर जनता से माफी मांग रहे थे, लेकिन जनता ने उन को क्षमा नहीं किया । वास्तव में पिटाई के बाद उन को दुखद ज्ञान पैदा हुआ । जिस ज्ञान को श्मशान का ज्ञान कहा जाता है, जो श्मशान में जागता है, जब चिता जलती है तो ज्ञान हो जाता है, लेकिन जब चिता बुझ गई तो ज्ञान भी समाप्त हो जाता है ।

दूसरे अरण्य-रोदन पर मुझ को दया आती है——उन्होंने तोबा की——मैं उर्दू का शब्द प्रयोग में ला रहा हूं——जिस तरह से गुनहगार तोबा करता है, उसी तरह से विरोधी दल के नेता ने भी तोबा की है । बारबार उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के भूत को छोड़ दो, क्यों हमारे सिर का भूत अपने सिर पर लादे हो । मैं, अधिष्ठाता महोदय, इस पर उन को बधाई देता हूं—— गुनहगार जब तोबा कर ले, तो मुक्ति तो नहीं हो सकती, लेकिन दया का पात्र अवश्य हो सकता है । इस देश मे, अधिष्ठाता महोदय, तोबा करने की जो पद्धति है, जिस का हिन्दी में प्रायश्चित करना कहते हैं, उस के हिन्दुस्तान में दो ही स्थान है——या तो हिमालय की गुफाओं में या त्रिवेणी की बालू पर । तीसरा स्थान प्रायश्चित का नहीं है । चूंकि इन्होंने स्वीकार कर लिया है——इस लिये, अधिष्ठाता महोदय, अब मैं उन के गुनाहों की ओर नहीं जाता हूं । उन्होंने एक बात ऐसी कही जिस पर मुझे बड़ी हंसी आई । उन्होंने जनता पार्टी के बारे में कहा कि यह कौन जानवर है । कौन जानवर है, इस के बारे में मेरे से पूर्व वक्ता ने बता दिया है । श्री कंवर लाल गुप्त जी बोले तब उन्हें पता चला कि जनता पार्टी क्या है और जब श्री कंवर लाल गुप्त जी बोल रहे थे तो उन्होंने कहा कि पहले मुसलमानों के एक परसेन्ट वोट मिलते थे लेकिन अब के इलैक्शन में 99 परसेन्ट वोट मिले और कहा कि यह जनता पार्टी की वोट केचिंग डिवाइस थी । मैं एक प्रश्न पूछता हूं कि अगर चार चार या पांच पांच दल अपने को समाप्त कर के एक सम्मिलित विचारधारा

[श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे]

को ले कर, एक नया दल बना लेते हैं तो इस में गुनाह क्या है । आज अपनी नीति को विरोधी दल वाले भूल गये है । उन्होंने सी० पी० आई० के साथ केरल से ले कर भारत के दूसरे प्रान्तों में जो गठजोड़ कर रखा है वह क्या है ? वह कुर्सी केचिंग डिवाइस नहीं है तो क्या है ? और किस सी० पी० आई० के साथ इन्होंने गठजोड़ किया है । उस के साथ, जिस के बारे में इन के प्रेसीडेंट महोदय कहते थे और इलैक्शन के भाषणों में उन्होंने यह बात कही कि यह अनडिपेंडएबिल एलाई है, अविश्वसनीय मित्र है । ऐसे अविश्वसनीय मित्र के साथ इन्होंने गठजोड़ किया है । यह इन की कुर्सी केचिंग डिवाइस है और मुस्लिम लीग के साथ इन्होंने गठजोड़ किया है और वह इन की कुर्सी के साथ वोट केचिंग डिवाइस है । मुझे हिन्दी की एक कहावत याद आती है 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" । आज वे लोग जिन्होंने गुनाह किया है, जनता पार्टी को यानी कोतवाल को डांट रहे हैं ।

अधिष्ठाता महोदय, मैं उप-राष्ट्रपति महोदय का आभारी हूं उन बातों के लिए जोकि उन्होंने अपने भाषण में कहीं हैं परन्तु कुछ बातों की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । इस देश में जो अन्याय और प्रतिशोध की भावना रही है, उस को देश के किसानों ने 30 वर्ष तक सहा है लेकिन 30 वर्षों के बाद उन का संयम टूट गया । 30 वर्षों तक यह किसान ठगा गया है । मैं ज्यादा उदाहरण नहीं देता और आंकड़ों के जाल में नहीं जाता । कल हमारे भूतपूर्व वित्त मंत्री जी जब बोल रहे थे, तो मुझे बड़ी हंसी आ रही थी । उन्होंने कहा कि हम ने एक्सपोर्ट बहुत बढ़ाया है । यह बताना वे भूल गये कि इन्डस्ट्रियल एक्सपोर्ट फिनिश्ड प्रोडक्ट्स का बढ़ा है या रा-मैटीरियल्स का बढ़ा है । यह सिर्फ कोलोनियल इकोनामी है । ऐसा कहना इन को शोभा नहीं देता । इस के बारे में मैं एक उदाहरण दे सकता हूं और वह चमड़े का है । चमड़ा आज भी हिन्दुस्तान से रोमानिया और बुलगारिया को भेजा जाता है जबकि हम यहां पर उस चमड़े से कोट और वेस्ट-कोट्स आदि चमड़े की चीजें बना सकते हैं । यह उन की अपनी मिथ्या प्रशंसा है ।

कृषि के बारे में भी उन्होंने अपनी प्रशंसा की है और कहा है कि हम ने किसानों के लिए बहुत काम किया है और कृषि पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च किया है । अगर आप भारत सरकार बजट को देखें तो केवल 13 परसेन्ट कृषि पर खर्च पहले हुआ है । जनता पार्टी ने किसानों से वायदा किया है और मैं सरकार का ध्यान उस ओर आकृष्ट करता हूं क्योंकि देश का किसान जाग गया है और अब उस की आशाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता और उस की उपेक्षा नहीं की जा सकती । मैं जनता पार्टी की सरकार से स्पष्ट कह देता हूं और जनता पार्टी के मिनिस्टर्स से भी स्पष्ट कहता हूं ।

You cannot take the peasants of India for granted now.

क्योंकि वह जाग गया है । हम ने वायदा किया है कि अनएकोनामिक होल्डिंग्स पर लगान समाप्त होगा । मुझे, आशा थी कि उस के बारे में सरकार की ओर से कुछ आना चाहिए था । यह कहा जाएगा कि यह प्रान्तीय विषय है लेकिन जो स्टेट्स प्रेसीडेंट रूल के अन्तर्गत हैं, उन के लिए तो यह किया ही जा सकता है । जो आप के अधिकार में है, उस के लिए आप कदम उठाएं ताकि देश के बाकी लोगों में विश्वास पैदा हो ।

एक दूसरी चीज जिस की तरफ मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं वह यह है कि आज तक किसानों को उस

के प्रोडक्शन की अनएकोनामिक प्राइस दी गई है । उदाहरण देता हूं । जब गेहूं सौ रुपये और सवा सौ रुपये क्विन्टल था। तब खाद 52 रुपये बैग था । जब किसान से गेंहूं मीसा के बल पर 95 रुपये क्विंटल वसूल किया गया तो खाद का दाम 105 रुपये बैग है । यह है समाजवादी सरकार की समाजवादी कार्यवाही का नमूना । अधिष्ठाता महोदय, आप जगह जगह पर साइन बोर्ड पाएंगे । आप मोटर से ट्रेवल करने के लिए निकल जाएं । आप जगह पर नगरपालिकाओं और महा-नगरपालिकाओं के बोर्ड लगे पाएंगे जिन पर लिखा होगा कि नगरपालिका आपका स्वागत करती है । स्वागत कैसे होना चाहिए ! स्वागत में कोई जलपान ही, पान खिलाया जाए, खाली यह न हो साइन बोर्ड लगा दिये जाएं । इसी तरह अधिष्ठाता महोदय, जगह जगह पर सस्ते गल्ले की दुकानों के साइन बोर्ड लगे हुए हैं । वहां गेंहूं बिकता है 135 रुपये, 140 रुपये क्विंटल । तीन-चार महीने पहले 95 रुपये क्विंटल में जो गेंहूं खरीदा गया उसी पर यह समाजवादी सरकार, गरीबों की मसीहा सरकार 40 रुपये क्विंटल का मुनाफा मार रही थी । क्या समाजवाद में प्रोफिट मोटिव होता है ? समाजवाद का तो पहला सिद्धांत यह है कि रोटी के ऊपर कोई मुनाफा नहीं होना चाहिए, नो प्रोफिट, नो लोस, लेकिन यह सरकार उस पर इतना मुनाफा कमा रही थी । बनिया अगर दो रुपये क्विंटल मुनाफा मार ले तो डी० आई० आर० और मीसा मे बंद कर दिया जाए । समाज-वादी सरकार 40 रुपये क्विंटल मुनाफा कमाये तो हमारे वित्त मंत्री ढोल पीटें कि हमारी ये अचीवमेट्स हैं ।

किसान को क्या मूल्य मिलना चाहिए, यह बहुत बड़ा प्रश्न है । दुनियां में हर देश में ग्रेन बोर्ड है । खरीददार चाहता है कि उसे कम से कम मूल्य में माल मिले, सरकार चाहती है कि उसे भी कम से कम दाम देना पड़े और उत्पादन करने वाला चाहता है कि उसे उस के उत्पादन का अधिक से अधिक मूल्य मिले । अगर एक ग्रेन बोर्ड हो जाए तो ये सारी समस्याएं सुलझ सकती हैं । समाजवादी सरकारों में बड़ी आदत है कि वे हर जगह कूदती हैं । हमारे यहां एक देसी कहावत है कि "बिच्छू का मंत्र न जाने सांप के बिल में हाथ छोड़ दें" हमारे यहां ग्रेन बोर्ड हो । उस बोर्ड में इकोनोमिस्ट्स, एग्रीकल्चरिस्ट्स, बैंकर्स सदस्य हों । गवर्नमेंट का भी एक नोमिनी हो । उसका चेयरमैन एक इंडीपेंडेंट जज हो । कृषि में जितने इन्पुट लगते हैं, जितना लेबर लगता है, वह सारा केलकुलेट करके, सारा हिसाब लगा कर, वह बोर्ड गेंहू का आर्थिक मूल्य, गेहूं का सही प्राइस डिक्लेअर करे और सरकार को बाध्य हो कर उस दाम पर गेहूं खरीदना पड़े । सरकार हमेशा परचेजर रही है और स्वभावत: वह माल कम दाम पर खरीदना चाहती है । इसने किसान की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है ।

अधिष्ठाता महोदय, पानी का हाल देखिए । मैं अपने भूतपूर्व वित्त मंत्री का भाषण सुन कर हंसते हंसते लोट गया । उन्होंने अपने भाषण में सिचाई की बहुत बात की । सिंचाई की हालत आज भी यह है कि तीस वर्ष के बाद भी हिन्दुस्तान की खेती आकाश के पानी के साथ जुड़ी हुई है । इन्होंने पानी आज तक बढ़ाया नहीं । आज भी पानी ऊपर से आता है तो खेती अच्छी होती है । भूगर्भ से पानी निकालने । यह कुछ नहीं किया ।

अधिष्ठाता महोदय उत्तर प्रदेश में भी काग्रेस की सरकार है । उन्होंने कमाण्ड एरिया बनाया । वे कहते हैं कि चाहे पानी मिले या न मिले लेकिन 21 रुपये एकड़ दिया जाए । यह तो ऐसा हुआ कि किसी रेस्टोरेंट में या रेलवे स्टाल पर

[श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे]

जाएं और कहें कि काफी लाओ तो इस पर कहा जाए कि काफी आए या न आए लेकिन तुम पैसा देकर चले जाओ। वह कैसा समाजवाद है? यह तो लूटमार हो रही है। कमान एरिया के मायने हैं कि पानी दो। अगर पानी नहीं दे सकते तो उसका चार्ज लेने का आपको कोई अधिकार नहीं है।

अधिष्ठाता महोदय, मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश से आता हूं। वहां किसानों को रात को 12 बजे बिजली दी जाती है। मैं हाथ जोड़ कर एक ही निवेदन करूंगा कि ये जितने भी भूतपूर्व मंत्री हैं ये मेरे साथ चलें और अति पौष और माघ में एक लंगोटी लगा कर, बनियान पहिन कर जरा पानी छोड़ दें। दो दिन में अगर बिना ये मरे हुए लौट आएं तो मैं राजनीति से इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। निश्चय ही इनको निमोनिया होगा। वहां पर तो आप रात बारह बजे बिजली देते हैं लेकिन दिन से बिजली आप किस को देते हैं? सिनेमा हाउसिस को देते हैं। अगर दिन मे कोई सिनेमा नहीं देखता है तो उसकी वजह से देश मर नहीं जाएगा। लेकिन रोटी अगर देश को नहीं मिलती है, लोगों को नहीं मिलती है तो देश अवश्य मर जाएगा, लोग अवश्य मर जाएंगे। इस वास्ते मेरी आप से प्रार्थना है कि आप बिजली दें, समय से दें, दिन में दें और इकोनोमिक रेट पर दें। रेट अन-इकोनोमिक नहीं होना चाहिये, अंधाधुंध रेट आपको उन से चार्ज नहीं करना चाहिये।

आप ने भूमि पर सीलिंग लगाई। यह आपने बहुत अच्छा किया। अठारह एकड़ की आपने लगाई। यह मैक्सिमम सीलिंग है। लेकिन आप देखें कि ट्रैक्टर की क्या कीमत है। साढ़े हजार में वह मिलता है। आप अब बतायें कि अगर कोई किसान ट्रैक्टर ले कर खेती करना चाहता है, इंटेंसिव फार्मिक करना चाहता है। तो क्या वह कर सकता है क्या वह इतना मंहगा ट्रैक्टर खरीद सकता है। अगर वह कम्बाइंड हारवैस्टर लेना चाहता है तो उस की कीमत तीन लाख है। कहां से वह पैसा लायेगा। आप कहते हैं कि आप ग्रुप बना देते हैं और उस के लिय एक ट्रैक्टर हो सकता है। लेकिन आप को पता होना चाहिये कि एग्रीकलचर इज़ एन इंडिपेंडेंट इंडिविजुअल सबजक्ट किस तरह से उन का काम इस तरह से चल सकता है और कितने लोग इस तरह से लाभ उठा सकते हैं। आप देखें कि एक ही समय पर किसान को इसकी आवश्यकता पड़ती है। इस वास्ते आप को चाहिये कि एग्रिकलचरल इम्प्लीमेंन्टस के दाम आप सबसिडाइज करें, इन को आप घटायें।

मैं यह भी मांग करता हूं कि आप एंड केटल इनश्योरेंस होना चाहिये आदमी का आप करते हैं, अच्छी बात है, मुझे के कपड़े का भी आप करते हैं लेकिन देश को जिस पर गर्व होना चाहिये, जो देश को खिलाता है उस की उपज का आप इनश्योरेंस नहीं करते है, जीवन के लिये जिस अन्न की आवश्यकता है और जो उस को पैदा करता है, उस की उपज का आप इनश्योरेंस नहीं करते है उस की खेती पर आपत्ति आती है, पत्थर और पाला गिर जाता है, उस की सारी फसल नष्ट हो जाती है उस का आप इनश्योरेंस नहीं करते हैं। यह समाज वादी सरकार उस को कर्ज देती थी, तकावी देती है। जिसका सर्वनाश हो गया उस को कर्ज दे कर आप उस को रीढ़ को बना रहे है या उस को तोड़ रहे हैं? कर्ज से उस की क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती है। इस कर्ज को अगली फसल पर देते देते वह मिट जायेगा। इस प्रकार से गरीबी नहीं हटाई जा सकती है। गरीबी हटाओ का नारा तो दिया गया था लेकिन

डेढ़ आदमी की गरीबी ही भारत में हटी थी। बाकी देश गरीब है। अगर आपने क्षतिपूर्ति करनी है तो कैटल और क्राप की 'इनश्योरेंस करें।

आप ने कहा है कि रुरल क्रैडिट बैंक होने चाहियें। एक भी रुरल बैंक किसान को हरी खड़ी फसल पर एडवांस नहीं देता है। किसान क्यों मारा जाता है? इस वास्ते कि उस में रिटैंटिव पावर नहीं है, आर्थिक पावर नहीं है आर्थिक शक्ति उस में नहीं है? बैंक कपड़े की गांठ पर एडवांस करते हैं। मोटर पर करते हैं लेकिन किसान की हरी खड़ी फसल पर एडवांस नहीं करते हैं। यह होना चाहिये ऐसा आप ने किया और उस को एडवांस किया तो कोई घाटा नहीं होगा। किसान की स्थिति इस से ठीक होगी।

आप परिवार नियोजन को ले। एक वक्त था जब आशीर्वाद दिया जाता था भवेत माता पंच पुत्रा: लेकिन इस समाजवादी सरकार द्वारा यह आशीर्वाद दिया जाता है भवेत माता निपुत्रा। किस प्रकार से परिवार नियोजन को ले कर लोगों के साथ ज्यादतियां की गई हैं इसका मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं लखनऊ में अभी एक अठारह वर्ष का नवयुवक बलिया से नौकरी की तलाश में आया। उस के बारे में जो खबर छपी है उस की कटिंग मैंने स्वास्थय मंत्री श्री राज नारायण को दे दी है। वह बेचारा स्टेशन पर उतरा। नौकरी उसको किसी ने दी नहीं, उस के लिये उस को किसी ने पूछा नहीं, उस को ले जा कर बैल की तरह बधिया बना दिया गया मैं एक डिग्री कालेज का अध्यक्ष हूं। कितने ही सर्क्यूलर मेरे पास रखे हैं इस के बारे में जो गवर्नमेंट के सर्कयूलर है। उन में यह कहा गया है कि मास्टरों की तनख्वाह रोकों, उन को सस्पेंड करो और अगर फ़लां तारीख तक नसबन्दी नहीं कराते है तो डिसमिस करो। यह जबरी नहीं थी तो क्या था? चुनाव के एक महीने पहिले तक इन का रेडियों सही समाचार नहीं देता था। इन के रेडियों को हिन्दुस्तान के लोगों ने कहा था कि यह रेडियों झूठीस्तान है और उस पर कोई विश्वास नही करता था। मेरी गर्दन शर्म से झुक जाती थी जब मैं लोगों की बात को कहते सुनता था कि सही खबर लेनी हो तो बी० बी० सी० को सुनो। यह लज्जा की बात है और पिछली समाजवादी सरकार ने हमारे अपने ही पर अविश्वास करवा दिया।

मुज़फ्फरनगर से ले कर सुल्तानपुर तक जिन हजारों लोगों को गोली से उड़ा दिया गया उस बारे में मान्यवर हम ने मांग की थी कि उस की जांच कराई जाय। उन लोगों का जुर्म क्या था? जुर्म यह था कि वह हिजड़ा बनने के लिये तैयार नहीं थे। और हमारे गृह मंत्री जी के पास हजारों लोगों के स्वैच्छिक स्टेटमेंट रखे हुए है उन लोगों के जिन के रिश्तेदार मारे गये है। जब गृह मंत्री जौनपुर में बोल रहे थे तो उन्होंने कहा था कि हम इस की जांच करायेंगे और जो भी दोषी पाये जायेंगे उन को दंड देगे। मेरी मांग है कि उस बारे में जांच होनी चाहिये। सरकार से मेरा विनम्र निवेदन है कि आप जांच कमीशन बैठाओं दंड दो या न दो यह आप की मर्जी लेकिन जहां अन्याय हुआ है उस की जानकारी लोगों को होनी चाहिये और उस अन्याय का पर्दाफ़ाश समाज के सामने होना चाहिये। सुल्तानपुर और बंधुआकलां के बीच मैं ने स्वंय फ़ायरिंग देखी है और 9 लाशें गिनी है। मृत्य लोगों के आश्रितो को कम्पेंनसेशन मिलना चाहिये। यह ठीक

[श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे]

है कि जिस की औरत विधवा हो गई, या जिसका पुत्र मारा गया उस को पैसे से सुख मिलने वाला नहीं है। लेकिन यह अवश्य है कि उन का एक आंसू हम पूछ सकते हैं।

दूसरा मेरा निवेदन सरकार से यह है कि भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिये। मेरा निश्चित मत है कि भ्रष्टाचार ऊपर से आता है, नीचे से नहीं आता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि नागरवाला कांड इसी दिल्ली नगरी में हुआ और मुझे आश्चर्य है, वित्त मंत्री जी अगर यहां होते तो उन से पूछता, क्या आप एक भी पैसा बैंक से टेलीफ़ोन कराकर मंगवा सकते हैं? 60 लाख रुपया निकल गया क्या उस की जांच हुई। मैं स्पष्ट मांग करता हूं कि उस की जांच होनी चाहिये। कानून में सब बराबर हैं चाहे वह कितना ही ऊंचा हो या नीचा हो।

मान्यवर, अभी मुख्य मंत्री की बात हुई, मैं कितने मंत्री बताऊं उत्तर प्रदेश के जिन के भ्रष्टाचार के स्पष्ट प्रमाण दिये गये और मैंने स्वयं नेता विरोधी दल के रूप में प्रमाण दिये, माननीय उग्रसेन जी जानते हैं एक मंत्री ने 40 गांव ऊंचे करवाये गाजीपुर जिले में और उन पर 40 लाख रु० खर्च हो गया। रेवेन्यू पेपर्स में जब देखा जाने लगा था तो गांवों का पता ही नहीं चला। मान्यवर, इस देश के अन्दर दो बहुयें बड़ी मशहूर थी - एक दिल्ली की और एक लखनऊ की। क्या जांच हो रही है? क्या लखनऊ में बाजरा कांड नहीं हुआ? लेकिन कोई जांच नहीं हुई। भ्रष्टाचार की जांच बड़े लोगों की होनी चाहिये। आप ने दो रु० पर एक चपरासी या बाबू को उठाकर फेंक दिया इस से कुछ नहीं होता। जो बड़े बड़े मगरमच्छ है, और मैं उन के नाम तक गिना सकता हूं उन के खिलाफ जांच होनी चाहिये। मारुति कांड को ही ले लें। जो प्राणी मोटर कम्पनी नहीं चला सका वह हमारे सामने बैठे श्रीमान लोगों के कन्धों पर चढ़ कर देश का युवराज बन रहा था और इन की जबान पर ताला लगा था जैसे कौरव दरबार में लोगों की जबान पर ताला लगा था। तो मान्यवर मैं मांग करता हूं कि एक कमीशन बैठाया जाय जिस में बड़े बड़े लोगों के खिलाफ़ करप्शन की जांच हो।

शिक्षा के बारे में मैं सुझाव दे रहा हूं। हमारे शिक्षा मंत्री डा० प्रकाश चन्द्र चुन्दर ने व्रत लिया है कि वे देश के अन्दर साक्षरता लायेंगे, मैं उसका स्वागत करता हूं। मेरा सुझाव यह है कि साक्षरता लाने के लिये बहुत पैसे की जरूरत नहीं है। आज देश में बहुत से शिक्षाविद ऐसे है जो रिटायर्ड लोग है, जिनको पेंशन दी जा रही है। उनको काम चाहिये, हम उनसे करबद्ध प्रार्थना करें कि आज देश में क्रान्ति हो रही है जिसके बल पर देश आगे बढ़ रहा है, देश की 30 वर्ष की कमियों को 5 वर्ष में पूरा किया जा रहा है। आप उस क्रान्ति में हमारा साथ दें और बच्चों को शिक्षित करें। हरेक रिटायर्ड अध्यापक को निवेदन करें कि भाई, जाने का साधन दे देंगे और आप काम करें। साक्षरता के लिये बहुत बड़े साइनबोर्ड और बिल्डिंग की जरूरत नहीं है। मेरा सुझाव है कि जितने रिटायर्ड परसोनल इस देश के है, उनका उपयोग साक्षरता के लिये किया जाये।

हमारे विरोधी दल के नेता ने बड़े जोर से कहा कि हिन्दुस्तान की इमेज न बिगाड़िये। मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि जनता सरकार हिन्दुस्तान की इमेज को किसी कीमत पर बिगड़ने नहीं देगी। हमारी सरकार का परम उद्देश्य है--"परम वैभवं नेतुमेतत

स्वराष्ट्रम्" । हमारा राष्ट्र परम वैभवशाली है, इसकी इमेज नहीं बिगाड़ी जा सकती है । मैं इस बारे में दो उदाहरण देना चाहता हूं । मैं जानना चाहता हूं कि इस इमर्जेंसी के दौरान पाश्चात्य अखबारों में हमारी क्या इमेज बनी है, इसका उत्तर खुद माननीय चव्हाण दें । हमारे विदेश मंत्री विदेशों में जाकर बाहर हर एक जगह पात्र लेकर घूमते रहे कि भिक्षाम देहि, भिक्षाम देहि । जनता सरकार भिक्षा नहीं मांगती है ।

अगर हमारे सुरक्षा मंत्री यहां होते तो मैं उनका ध्यान आकृष्ट करना चाहता था कि हमारी सुरक्षा पर भी बड़ा भारी गैप हो गया है, जो कि मिसाइल गैप बन गया है । मैं किसी देश का नाम नहीं लेता हूं कि यह मिसाइल गैप किस कारण से बन गया है और इसका कौन जिम्मेदार है । हम जानना चाहते है कि क्या हमारे देश की सुरक्षा लाठी और थ्री-नाट-थ्री की राइफल से होगी । क्या हम अपने बहादुर सैनिको को पुराने अस्त्र देंगे ? उनको आधुनिक अस्त्र चाहियें । हमने मिसाइल देने से इन्कार कर दिया है । मैं देश का नाम नहीं ले रहा हूं, लेकिन इशारा कर रहा हूं । मैं चाहूंगा कि डिफेंस मिनिस्टर यह घोषणा करें । मुझ से अधिक खुशी किसी को नहीं हो सकती इस देश में अगर मिसाइल गैप को दूर किया जा सके ।

सिक्योरिटी की दृष्टि से आपने अखबारों में देखा होगा कि दिल्ली के लैफ्टिनेन्ट गवर्नर के पी० ए० रोम भागने के लिए बम्बई भाग कर जा रहे थे । क्या यह दाढ़ी में तिनका साबित नहीं कर रहा है कि उसमें क्या था ? मैं इस सरकार से मांग करूंगा कि जितने नेता या भूतपूर्व महापुरुष है और जितने अधिकारी दोषी है, जिनकी जांच होनी है, उनके पासपोर्ट को इम्पाउंड करे और उनको इस देश से बाहर जाने की आज्ञा नहीं मिलनी चाहिये ।

फारेन पालिसी के बारे में मैं सुझाव देना चाहता हूं । हमारी फारेन पालिसी नान-एलाइन्ड है, यह बहुत अच्छी है । लेकिन कहीं यह न बन जाये कि सब से अच्छी अकेली भली । हमारा राष्ट्रहित दोनों सुपर पावर के बीच में है और उन दोनों के बीच में हमको अपना राष्ट्रहित देखना चाहिये, इसमें हमें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है । हम अपनी अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति सिद्धान्तों और राष्ट्र-हित पर आधारित करें ।

अन्त में सभापति महोदय आपसे और आपके माध्यम से अपने माननीय आवास मंत्री से मैं निवेदन करूंगा कि जनता पार्टी को जनता ने किसी उद्देश्य के लिये भेजा है, कानून के लिये भेजा है, जोर-जबरदस्ती के लिये नहीं भेजा है, कोई कानून से मकान मांगता है और दूसरा कोई जबरी घुस जाये और आप कहें कि क्या करें, तो यह नहीं चलेगा । आवास मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिये कि नो फरदर फ़ेवरिटिज्म और पार्शिए-लिटी ।

इन शब्दों के साथ मैं श्री कर्पूरी ठाकुर द्वारा रखे गये धन्यवाद-प्रस्ताव का समर्थन इस लिए करता हूं कि जितने कदम उठे है, वे हेसिटेटिंग होंगे, लेकिन वे पहले कदम है । यह सरकार क्रान्तिकारी सरकार है, क्योंकि यह जो चुनाव हुआ है, वह रिवोल्यूशन बाई दि बैलट बाक्स है, इसलिए इस क्रान्तिकारी सरकार के एक्शन डिसाइसिव, डेफ़िनेट और बोल्ड होने चाहिए—वे किसी की इच्छा व प्रसन्नता पर निर्भर नहीं होने चाहिए ।

SHRI O. V. ALAGESAN (Arkonam): I congratulate the framers of the Address for its brevity and also for its tone of restraint. I feel that it could have contained louder denunciation but has shown restraint and has not indulged in any denunciation. After seeing

[Shri O. V. Alagesan]

the verdict of the people and hearing the representatives of the Janata Party here who have told us the tales of woe during the emergency, one feels really repentant and sorry. The story of the gentleman who cried "Jai Narayan" and was put in jail because he was suspected to be sympathetic to Shri Jai Prakash Narayan is an extreme case. Many such cases might have happened. It has to be conceded that excesses were committed during the emergency and that they hurt the people very much. If it means anything, I would like to tender sincere apologies for what has happened during the emergency.

When it was conceived, it was like dieting prescribed for a patient overtaken by disorder, but as it proceeded, it began to eat the very patient whom it sought to save, namely democracy. It was like the revolution eating its own children. In fact, the people who ran the emergency became its first victims rather than those who suffered from it for this reason that they were not kept fully informed of what was going on and the nature of the emergency in the country.

17.12 hrs.

[Shri S. D. Patil *in the Chair*]

We have to expiate for it do *prayaschitta* for it. Babu Jagivan Ram has expiated in a particular way, those who were defeated at the hustings have expiated in a different way, and those who have been elected will also have to perform *prayaschitta*, I have it will be parliamentary *tapas charya*.

I commended the restraint shown in the Address of the President, but I am sorry to say that the speeches of the Members from the Janata Party did not show much of restraint. Perhaps this is the initial period and they will get over this feeling soon. The Janata Party has certainly made history by unseating the Congress which has ruled this country for over 30 years and by forming a viable Government at the Centre for the first time, but I would like to submit that the Congress Party also, in its hour of defeat, has made history because it has provided for the first time in 30 years a viable official Opposition. You will agree that both the Government party and a viable Opposition party are needed to work our democracy.

In their euphoria of victory, many Members seem to have lost—I mean on the other side—their perspective and balance. They have condemned the entire Congress rule spread over the past 30 years. What does this mean? Does it mean the condemnation of all that happened under Pandit Jawaharlal Nehru, Lal Bahadur Shastri and Indira Gandhi before the emergency was ushered in? Do they condemn everything? It means much more than that. It means you condemn the verdict of the people which has been delivered five times, that is, in 1952, 1957, 1962, 1967 and 1971. You condemn the five successive verdicts of the people and are be prepared to approve only the sixth verdict. Please do not mock at people who have returned you to take over the reins of Government in good faith.

Democracy is vindicated not only when it acts in a negative way, that is, when it unseats a government which it has itself put in power but also when it acts in a positive way, that is, when it confirms a government in the seat of power for a second time. How a peaceful change has occurred in the Government without shedding any blood anywhere, without any violence! So, when democracy change the Government that it has put in power, it must be appreciated. I would plead that it has to be appreciated even when it confirms the party in power for a second time.

The Congress Government had not been in power for the past 30 years by means of false credentials. We are heirs to a non-violent revolution under Mahatma Gandhi who won freedom from foreign domination for this ancient country. There are some Members on the other side who also are heirs

to the non-violent revolution which got freedom for the country. Please do not forget the present Prime Minister was part of the Congress and had contributed to the Congress history, as my leader mentioned some time ago, until the year 1969. Please do not forget that Babu Jagjivan Ram was part of the Congress and whatever had been done before independence and after independence, until the crucial day of 2nd February, 1977. So also several others in Government, who are sitting in the Government benches, were part of the Congress and they contributed to the achievements of Congress and the service that was rendered by the Congress Government to this country. So, I would humbly appeal to the Members on the Government side, please do not stand self-condemned by condemning indiscriminately all that has happened in the past.

Now, I am coming to a subject which is rather delicate, that is, the subject of interpreting the recent verdict of the people. My friend, Mr. C. Subramaniam, said something and he was almost mauled by the House. My friend, Mr. Rameshwara Rao, was much more fortunate. He couched his speech in a very diplomatic language and he was listened to with attention. So, I should say something and I shall crave your indulgence so that you need not mistake me. I am not saying this out of parochial consideration. Our background has not been parochial; it has been national. So, please do not misunderstand me when I say this. The Address speakes of the democratic process. The wind that blew, it was not one wind; there were two winds. Perhaps I can compare it to the south-east monsoon and the north-east monsoon country. They blew in contrary directions, about which my friend Shri Rameswara Rao has spoken, and the dividing line has been the old dividing line of the Vindhya mountains. There are many periods in Indian history when, due to stresses and strains, the basic Indian culture has had to cross the Vindhya mountains and take refuge in the southern part of India. I am reminded of a similar thing happening to the nationalist culture of this country and I am tempted to say that it was forced to cross the Vindhya mountains and take refuges in the southern part of India.

But one thing is clear, and let us not run away from that fact. The Government of the day, I am sorry to say, is not representative of the entire country and the Opposition of the day is also not representative of the entire country. This is very serious situation, a situation which I would almost call a vicious situation. It is a situation which is pregnant with mischief and it is in the national interest that all of us should put our heads together and try to find a solution for this mischievous situation.

The Address speaks of extra-constitutional centres of power. I believe the reference is quite obvious. I would like to ask the Government side to place their hands on their hearts and tell me whether there are no extra-constitutional centres of power operating now. What about the election of the Leader of the Government itself? Was it arranged or was it arrived at by the Party on its own? There were certain extra-constitutional centres of power which advised the Government Party to choose a particular person as its Leader. I don't decry it and I don't disapprove of it. What is Jayaprakashji, what is Acharya Kriplaniji, what is Vinobhaji and what was Gandhiji earlier? It has been a part of Indian history that extra-constitutional centres of power have been operating. But I would like to ask these extra-constitutional centres of power not to be selfish but to be selfless and to operate solely in the interests of the nation. What I am pointing out is that this idiom has been picked up from somewhere else and copied. Evidently it was in your mind to say that political upstartism should not be encouraged, that it

[Shri O. V. Alagesan]

should not be clothed without Governmental authority without Constitutional sanction. You would have been more definite had you said that but you used a loose idiom and called it 'extra-constitutional centres of power'— which, I wanted to clarify, may be misleading.

Now, the Address says that President's Rule is intended to be imposed strictly in accordance with the objectives mentioned in the Constitution and not for extraneous purposes. This sentence is found in the Address but, I am sorry to say, even before the ink has dried, you have done something contrary to what you have stated in the President's Address. Can the introduction of President's Rule in Kashmir substantiate your contention?

MR. CHAIRMAN: The Adjournment Motion has been withdrawn.

SHRI O. V. ALAGESAN: I am speaking on the President's Address where this is mentioned. I can refer to it; I do not think there is anything wrong in that.

I beg to submit that the Heavens would not have fallen if you had allowed the Congress Party to form the Government; and if it had collapsed under the weight of its own dissensions, then you would have had every right to introduce President's rule there. But you did not have the patience to wait because, I am afraid, you had the same advisers who advised us to do many things or who are at present advising you; you have succumbed to their advice as we had succumbed to it, at what cost, the whole world knows. The moment you had written it, even before the ink was dry, you did something which was quite contrary to that; your first exercise of authority has been contrary to your own declaration and your own conviction. I am sorry this has happened. Please guard yourselves against such slips in future.

Again the President's Address says:

> "Steps will also be taken to ensure that All India Radio, Doordarshan, Films Division and other Government media function in a fair and objective manner."

Already a very important member of your Party has pointed out an instance where this has not been so. I do not want to rub it in. We all know the way in which the All India Anna DMK's assurance to the Prime Minister was put on the radio and in a section of the press. Please guard yourselves against such violations, in future, of your own very clearly stated policy. I would not like to put the entire blame on the Government because I feel that some overzealous officials might have been responsible for such distorted information.

Now I come to the subject matter of an amendment which I have given notice of, and that is with reference to the Sarkaria Inquiry Commission in Tamil Nadu. My friend sitting on my left, Shri Hegde, pleaded very eloquently that all misdeeds should be inquired into and that those who had committed those misdeeds should be brought to book. Here is a case where already an inquiry has been going on into the misdeeds of the erstwhile DMK Chief Minister, Shri Karunanidhi, and his colleagues, and this has been going on for the last one year. The Commission was appointed in February, 1976, and its term ended on 1st February, 1977. They are seized of as many as 27 or 28 allegations of which the Commission was able to inquire into only seven; 21 more allegations still remain to be inquired into. On the inquiry so far conducted, the Commission has submitted its conclusions in a report. This report has been placed on the Table of the other House. I would request the Government to place this report on the Table of this House also. This is a very big report; I would not go into the whole thing; I would give you only one or two

samples from the conclusions of the report. This is against Shri M. Karunanidhi, the then Chief Minister; this is one of the conclusions of the Sarkaria Commission:

"That on 22-9-1971, in pursuance of the aforesaid demand, and imposed arrangement, Shri Karunanidhi, abusing his official position as Chief Minister received through his Private Secretary, Vaithialingam, a total sum of Rs. 1,17,273/- from the seven operators including Cambata, Captain, Krishnan and others, as a motive or reward for doing acts connected with his official functions such as releasing payment of their pending bills in respect of the work done upto 19-9-1971 and for allocating further work at the contractual rate of Rs. 11/- per acre, etc."

This is an interesting report and the Members will understand it if they go through it, what atrocities were committed and corruption was indulged in and that unheard of misuse of official power did take place in Tamil Nadu.

I would read another charge:

"That Shri Anbil Dharmalingam, acting in pursuance of a prearranged plan conceived by him in concert with Shri Karunanidhi, the then Chief Minister, and by abusing his official position as Minister for Agriculture, directly received from the operators illegal gratifications in amounts and on dates noted below, as a motive or reward for doing acts connected with his official functions:

(a) Rs. 1,41,650/- in cash on 11-10-1971.

(b) Rs. 41,714/- in cash on 25-10-1971.

(c) Rs. 52,676/- in cash on 6-11-1971.

(d) Rs. 53,359/- in cash on 25-11-1971.

(e) Rs. 64,502/- in cash on 23-12-1971.

(f) Rs. 17,603/- from H. P. Rao after 25-11-1971.

(g) Rs. 16,242/- from P. G. Dastoor after 25-11-1971.

Total : Rs. 3,87,746/-".

The Commission has given its findings on seven of the allegations that were referred to it. There are 21 more allegations. Now, Sir, I have reasons to believe that Shri Karunanidhi's lobbyists are already in Delhi and are haunting the corridors both of Parliament House and the Secretariat so that they can somehow wriggle out of this inquiry and consequences of such an inquiry.

Yesterday, we wanted to get an assurance from the Finance Minister that he would continue the Commission of Inquiry and that he would allow the Commission to do its work and complete it. What he said was neither discouraging nor encouraging; he has become such an adept in using the language. He said: If we do something and stop the inquiry, you will have time to agitate about it. I would like to plead with the Prime Minister who is presiding over the destiny of this country, known for his rectitude and abhhorence of corruption in public life that this inquiry should be continued and completed. It will be highly unfortunate if this Commission is given the go-by. I hope and I seek an assurance, whosoever will be speaking on behalf of the Government in reply to this debate, to this effect. I seek an assurance from the Government spokesman that they will continue this inquiry and allow the Commission to complete its work. Not only that, they should also take action as a consequence of the report of this Commission.

[Shri O. V. Alagesan]

Sir, I would like to bring to your notice another matter with regard to a serious lapse that has occurred during the elections in my constituency. The Speaker occupies a very special position. Though in Tamil Nadu, the Assembly was dissolved and the Government was dismissed, because of the constitutional requirement, the Speaker is still there holding his high office. I am sorry to say that this Speaker who is paid by the Government and who uses Government car and who has paid government personnel to assist him, went about very actively canvassing for the DMK candidate in my constituency. I brought this to the notice of the authorities, firstly to the Chief Election Commissioner and others, but I did not get any remedy, and it went on until the election was over. It is highly improper on his part to have done so. In this connection, I would like to quote from the report of the Committee of Presiding Officers. It says:

> "The Committee felt that impartiality of the Speaker being an indispensable condition for the successful working of parliamentary democracy, it is essential that the Speaker should sever all connections with the Party to which he might have belonged."

Also the Committee noted the following observation of Dr. N. Sanjiva Reddy, Speaker of the Lok Sabha, on his election as Speaker on 17th March 1967.

> "My office requires of me to be impartial and judicious in the conduct of my work. I can assure you with all the force at my command that I will try to live upto this requirement and maintain the highest tradition set by my predecessors. As a necessary corollary to this resolve, I resign my membership of the Party to which I had the honour to belong for 34 years. So long as I occupy this Chair, it shall be my endeavour to see that all sections of this House get an honest impression that I do not belong to any Party at all."

This is what Dr. Sanjiva Reddy said. The Committee agreed in principle with the Speaker of the Lok Sabha that the Speaker should not belong to any Party.

Now, when this is the opinion of the Committee of Presiding Officers, it is very unfortunate that a Speaker — let alone his not belonging to any Party or severing his connection with any Party—the Speaker of Tamil Nadu has gone to this extent of canvassing actively for a candidate in the elections. Of course, he belongs to the same Party to which the Speaker once belonged. The Speaker belonged to the DMK but, as Speaker whether it was within his propriety to have done it, is a matter I leave to you to judge.

With these few words and subject to my amendment, I support the motion of thanks to the President for his Address.

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री (रीवा): माननीय अध्यक्ष महोदय, सब से पहले मैं कार्य वाहक राष्ट्रपति महोदय को हार्दिक धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने जनता की सही नब्ज़ को पहचाना। हमारे देश में आज जो एक अभूतपूर्व जनक्रांति हुई है उसकी ओर न केवल हमारे देशवासियों ने बल्कि दुनिया के उन सभी लोगों ने जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, केवल ध्यान भर ही नहीं दिया बल्कि उसे बहुत विस्मित हो कर देखा है कि हिन्दुस्तान की जनता ने सही मायनों में लोकतंत्र के प्रति अपनी हार्दिक आस्था व्यक्त की है। उसको हमारे कार्यवाहक राष्ट्रपति महोदय ने, बड़े सुन्दर और सुस्पेष्ट शब्दों में लोक सभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन के सामने रखा है। उन्होंने जनता की उन सभी आकांक्षाओं/

और अपेक्षाओं को भी अभिव्यक्ति दी है जो कि आज समूचे देश में, समूचे देश के जनमानस मे व्याप्त है ।

मैंने कुछ देर पहले प्रतिपक्ष के माननीय नेता श्री यशवंतराव जी चव्हाण का भाषण बहुत ध्यानपूर्वक सुना । मुझे दुख है कि अभी भी इतनी बड़ी जन क्रान्ति के बाद भी इन्होंने कोई सबक नहीं सीखा है । उन्होंने इस बात की बहुत चर्चा की है कि उन्हें कुछ सुसंगठित नीतियों, पर विचाराधाराओं पर और दर्शन पर पूरा विश्वास है । मुझे बड़ा आश्चर्य है और मैं यह जानने में असमर्थ हूं कि वह कौन सी नीतियां हैं, कौन सा दर्शन है, कौन सी विचारधारा है जिसमें उनको बहुत बड़ा विश्वास है ।

दूसरी ओर वह यह कहते हैं कि जनता पार्टी सब ओर दिखाई दे रही हैं इसके पास कोई एक दर्शन नहीं है । उनका कहना था कि अनेक दर्शन उनको यहां मालूम देते हैं । पता नहीं वह कौन सी दृष्टि है जिससे उन्हें यहां एक दर्शन दिखाई नहीं देता है और अपनी उनको बड़ी सुसंगठित विचाराधारा मालूम होती है । आपकी इस विचारधारा के चलते इस देश में 45 करोड़ लोग आज भी गरीबी की रेखा के नीचे हैं । आप के दर्शन और विचार-धारा का ही यह फल है कि जिस बिड़ला के पास आज से तीस साल पहले केवल 25 करोड़ की पूंजी थी आज उसके पास 1100 करोड़ की पूंजी है । दूसरी तरफ इस देश के 45 करोड़ लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवन व्यतीत करने पर विवश हैं । अगर यही विचारधारा और नीति और दर्शन है तो मैं समझता हूं कि इससे इस देश की जनता ने हमेशा के लिए छुटकारा पा लिया है, जनता ने इस विचारधारा, इस दर्शन को, इस नीति को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है । आपको इस पर अभी भी गर्व है तो मैं समझता हूं कि शायद अभी और कुछ होना बाकी है । आपने स्वयं कहा है कि अभी थोड़े दिन पहले आपके सदस्यों की संख्या साढ़े तीन सौ थी और आज केवल वह डेढ़ सौ रह गयी है । क्यों इसी विचारधारा व नीति पर आपको गर्व है । तो वह दिन दूर नहीं जब डेढ़ सौ में केवल आप पंद्रह रह जाएंगे और शायद शून्य पर भी आप पहुंच जाएं । आपकी विचारधारा आपको मुबारिक हो । जिस विचारधारा के चलते आपने देश की यह दुर्दशा की है यह आपको ही मुबारिक हो । आपने कहा है कि एमरजेंसी की बात बार बार न कही जाए । एमरजेंसी की वजह से जनता ने आपको एक बहुत अच्छा सबक सिखा दिया है । उसने आपको इस जगह पर पहुंचा दिया है । मैं समझता हूं कि तीस वर्षों के पापों का यह परिणाम है जो कि आप इस स्थिति में पहुंच गए हैं । यह कौन सी विचारधारा है कि बिड़ला साहब को कागज तीन सौ रुपये प्रति टन खर्च करके तैयार करने हैं उसके आप सात हजार रुपये टन के भाव से जनता को दिलवाते हैं यह कौन सी विचारधारा है कि चीनी मिलों के मालिक 1400 रुपये खर्च करके एक टन चीनी बनाने हैं और उसी चीनी को आप 5500 रुपये प्रति टन के भाव से जनता को दिलाते हैं ? दूसरी ओर जो किसान दो सौ रुपया खर्च करके एक क्विंटल गेहूं पैदा करता है उसकी कीमत आप उसको 105 रुपये दिलाते हैं । यह कौन सा दर्शन है, कौन सी विचारधारा है यह मेरी समझ में नहीं आता है । इसी विचारधारा के और दर्शन के चलते आपने देश के 78 प्रतिशत किसानों को तबाह कर दिया है, उनको भूखों रहने पर विवश कर दिया है, उसके बाल बच्चों को दाने दाने के लिए मुहताज कर दिया है ।

SHRI VAYALAR RAVI: Do you mean to say that the price of sugar cane should be increased?

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : गन्ने की कीमत और रिकवरी को जोड़ कर के मैंने आपको बताया है ।

[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

आपके शासन के चलते और नीतियों के चलते कुछ प्रान्तों में, थोड़े से प्रान्तों में प्रति व्यक्ति औसत आय साढ़े आठ सौ रुपये और कहीं कहीं 950 रुपये है और दूसरी ओर कुछ अन्य प्रान्तों में जैसे मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में, रीवा, शहडोल, सीधी आदि में केवल 132 रूपये है। क्या इसी नीति पर आपको गर्व है ? क्या इसी विचारधारा और दर्शन पर आपको गर्व है ? अब आप सिंचाई को लें। कुछ प्रान्तों में सिंचाई की औसत दर 23 प्रतिशत और चालीस प्रतिशत भी है और दूसरी ओर देश के काफी हिस्से ऐसे हैं जहां सिंचाई का औसत केवल नौ प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में वह केवल नौ प्रतिशत है और मध्य प्रदेश के ही कुछ हिस्सों में जैसे रीवा, सतना, सीधी व शहडोल में वह केवल 1.3 प्रतिशत है। यह क्षेत्रीय असमानता, इस तरह की विषमता और इसी पर आप को गर्व है कि हम ने देश को आगे बढ़ाया ? एक तरफ़ इस देश के कुछ प्रान्तों में जैसे तमिलनाडु 86 प्रतिशत गांवों में बिजली, कुछ प्रान्तों में जैसे हरियाणा में शत प्रतिशत बिजली और दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में और उस के कुछ हिस्सों में केवल 3 प्रतिशत गावों में बिजली। इस तरह से आप ने देश को आगे बढ़ाया।

जनता पार्टी को आप कहते हैं कि इसके पास कोई दर्शन नहीं है, कोई कार्यक्रम नहीं है। आपने राष्ट्रपति महोदय का अभिभाषण पढ़ा ? उसमें उन्होंने कुछ बातों पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने का प्रयास किया जायगा, 10 साल के अन्दर बेरोजगारी व गरीबी को दूर करने का प्रयास किया जायगा। जहां 1961 में 52 लाख लोग बेकार थे वह इस समय 1 करोड़ 12 लाख लोगों के नाम ऐमप्लायमेंट एक्सचेंज के रजिस्टर्स में दर्ज हैं। जुलाई 1976 में 97 लाख लोग बेकार थे और आज 1 करोड़ 12 लाख लोग बेकार ह। जनता पार्टी की सरकार द्वारा जो वायदा किया गया है उस को आप राष्ट्रपति के अभिभाषण में देख सकते हैं जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि बेकारी और गरीबी को 10 वर्ष के अन्दर समाप्त करने का प्रयास किया जायगा। क्या इसमें आपको कोई दर्शव नहीं दिखाई देता ? आज आपने माननीय जार्ज फ़रनान्डीज़ और परसों माननीय दंडवते का स्टेटमेंट सुना होगा जिसमें उन्होंने वायदा किया है कि श्रमिकों ने अपने अधिकारों के सम्बन्ध में संघर्ष करते हुए जो क्षति उठाई हे, अपनी जायज़ मांगों के लिये संघर्ष करते हुए जो उनको नुकसान उठाना पड़ा, आपकी विचारधारा और दर्शन के परिणामस्वरूप में जो अत्याचार उन पर हो चुके थे और रेल मज़दूर 24,000 से अधिक संख्या में नौकरी से अलग कर दिये गये थे उन सब को जनता पार्टी की सरकार ने तुरन्त नौकरी में लेने का आदेश दे दिया है। क्या यह दर्शन आपको नहीं दिखाई देता ? जो इस देश के श्रमजीवी हैं और दिन रात मेहनत करने के बाद भर पेट रोटी अपने बाल बच्चों को नहीं दे पाते सब से पहले उनको जनता पार्टी की सरकार ने न्याय दिया है। जो काम आप आज तक नहीं कर पाये, झूंठे आश्वासन देश को देते रहे कि चूंकि सम्पत्ति का मौलिक अधिकार संविधान में लिखा हुआ है इसलिये आपकी सरकार कोई प्रगतिशील कदम नहीं उठा पा रही है, सम्पत्ति के अधिकार को जनता पार्टी की सरकार मौलिक अधिकारों की सूची में से निकाल देगी। इमरजेंसी लागू करने के बाद अंधाधुंध इस बात का आपने ढिंढोरा पीटा कि सम्पत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार रहने के कारण इस देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर नहीं किया जा सका। अपितु सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची में से आपने नहीं निकाला। आज भी वह मौलिक अधिकारों की सूची में है। अब जनता पार्टी की सरकार उसे समाप्त करने जा रही है। इसी प्रकार 42वें संविधान संशोधन के बारे में आपने कहा कि हम नहीं

मानते कि जनता ने उनके विरुद्ध अपना मत प्रकट किया है । क्या उस 42वें संविधान में कहीं आपने यह प्रावधान किया कि सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों से निकाल दिया जायगा ? सारे देश की जनता की आंखों में आप धूल झोंकते रहे हैं । और आज इस पवित्र सदन में यह कहते हुए आपको लज्जा नहीं आती कि 42वें संशोधन के प्रति आज भी अपने आपको जुड़ा हुआ पा रहे हैं । उस संविधान संशोधन में कौन सी प्रगतिशील बातें आपने की हैं ? लेकिन जनता पार्टी के घोषणा-पत्र को देखिये उसमें वचन दिया गया है कि सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची में से निकाल दिया जायगा । इस पर भी अगर आपको हमारी पार्टी में नीति और दर्शन नहीं दिखाई देता तो हम क्या करें ? अभी भी स्वतत्र पार्टी का भूत आपको जनता पार्टी में दिखाई देता है, अभी भी आप अपना पुराना राग अलापते हैं । आपने चुनाव में कहा कि यह तो अलग-अलग विचारों के लोग हैं, कैसे साथ रह सकते हैं । आप उसी रट को अभी भी लगाते जा रहे हैं और जो सत्य है, उसको देख नहीं पाते हैं ।

इतना ही नहीं, जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा-पत्र में यह वायदा किया है कि हम काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में लायेंगे । क्या आपने आज तक यह किया है ? इस 42वें संविधान संशोधन में जो कि 59 परिच्छेदों वाला है, क्या उसमें आपने कहीं भी रोजगार पाने के अधिकार को जोड़ा है ? आपने जनता के मौलिक अधिकारों को छीना है, आपने कह दिया कि मौलिक अधिकार तो गौण हैं । आपने मौलिक अधिकारों की हत्या की है । मौलिक अधिकारों की सूची में आपने काम के, रोजगार के अधिकार को स्वीकार नहीं किया है । लेकिन जनता पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची में जोड़ने का वायदा किया है । यह बड़ी क्रान्ति है, जनता पार्टी जनता के इस सपने को पूरा करना चाहती है ।

SHRI B. P. KADAM (Canara): Are you sure that these will be implemented?

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : आपको संशय नहीं करना चाहिये, जो आपके सामने है, उसको देख कर आप निर्णय कीजिये । संशय विनाश का रास्ता है, अभी भी आप संशय कर रहे हैं । जो हमारे डाक्युमेंट आपके सामने है, जो हमारे वचन और वायदे आपके सामने हैं, उसको देख कर निर्णय करना होगा । उसे कार्यान्वित करने के लिये अभी एक हफ्ता का समय भी नहीं मिला है । जनता पार्टी और उसकी सरकार ने यह वायदा किया है । जनता पार्टी उस सपने को पूरा करना चाहती है जो महात्मा गांधी ने देखा था और लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उस सपने को पूरा करना संभव बना दिया है । उसी सपने को पूरा करने का हमारा प्रयास है । हम सोचते थे कि इतना बड़ा सबक सीखने के बाद, जनता के इस स्पष्ट निर्णय के बाद आपकी बुद्धि में कुछ तो प्रभाव पड़ेगा और आप सही स्थिति को परख सकेंगे और अपना सही अभिमत व्यक्त कर सकेंगे, पुरानी आदत आप छोड़ेंगे, लेकिन आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं ।

माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि किसानों को अपनी उपज का, अपने उत्पादन का पूरा मूल्य दिया जायेगा । इसके सम्बन्ध में आपने आज तक क्या किया था । किसानों ने कितनी ही बार आपसे मांग की, सत्याग्रह किया, जेल गये, लेकिन आपने उनको जेलों में ठूंस दिया और उन पर लाठियां बरसाईं । क्या कभी आपने किसान की जायज मांग को सुना था ? वह 273 रुपये क्विंटल पर खाद खरीदे, सिंचाई का टैक्स 4 गुना बढ़ा

[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

हुआ दे व लगान का दुगुना दे, लेकिन उसको अपने अनाज की उचित कीमत न मिले । यह आपके राज्य में इतने दिनों तक चलता रहा । इस कृषि प्रधान देश में किसानों को आपने तबाह कर दिया, कितने झूठे वायदे आपने किये ? आपने एमर्जेंसी के दौरान बड़े-बड़े उद्योगपतियों को बड़ी-बड़ी रियायतें और छूट दी है । इनकम टैक्स की जो उच्चतम दर थी, उसको आपने नीचे गिराया । बड़े इनकम टैक्स देने वालों को फायदा पहुंचाने के लिये आपने उसकी सीमा को घटाया, उसे नीचे लाये । लेकिन जिस किसान को जिसको खेती के लिये एक एक बूंद पानी के लिये तरसना पड़ता है, उसको आपने क्या रियायतें दीं । ग्राम विकास कर उनसे वसूल हो रहा है । आन्ध्र, तमिलनाडु वगैरा सब जगहों में किसानों के साथ यह अन्याय हुआ है । जहां सिंचाई का टैक्स 3 रुपये होता था, उसकी जगह 20 रुपये लिया जा रहा है । ग्राम विकास कर अलग लेते है, बिजली का टैक्स अलग कई गुना बढ़ा दिया गया है । किसान के उपयोग में आने वाली सब चीजें-रोज-ब-रोज महंगी हो रही हैं, लेकिन उस के अनाज का दाम घट रहा है । रिजर्व बैंक से को-आपरेटिव बैंकों के लिए ढाई परसेंट ब्याज पर रुपया दिया ज ता है, लेकिन किसान से 15 परसेंट ब्याज वसूल किया जाता है । यदि किसान को रुपया वापस करने में एक दिन का भी विलम्ब हो जाये, तो उस से 3 परसेंट दंड ब्याज अतिरिक्त वसूल किया जाता है । इस प्रकार किसान से तो 18 परसेंट ब्याज वसूल किया जाता है, जबकि करोड़पति उद्योगपतियों को फिनांस कारपोरेशन से 4 परसेंट ब्याज पर रुपया दिया जाता है ।

भूतपूर्व वित्त मंत्री ने कहा है कि देश में जगह जगह 45 रूरल रिजनल बैंक, देहाती क्षेत्रीय बैंक, खोले गये हैं । मैं उन बैंकों की स्थिति से परिचित हूं । कहने को तो ये बैंक गरीबों को मदद देने के लिए खोले गये हैं, लेकिन एक भी गरीब को उन से मदद नहीं मिली है । इन बैंकों द्वारा कहा जाता है कि जिस के पास जमीन जायदाद है और जमानत दे सके, उसी को कर्जा मिल सकेगा । इस देश में सात करोड़ भूमिहीन खेतिहर मजदूर हैं, जिन के पास रहने के लिए मकान बनाने तक भी जमीन नहीं है, जिन के फूस के झौंपड़ों को भी पिछली सरकार ने बुलडोजर चला कर गिरा दिया था । उन लोगों को तो एक पैसा भी ऋण नहीं मिल सकता है । पिछली सरकार की नीति और विचारधारा के कारण देश की यह स्थिति हुई है ।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस देश में 23 प्रतिशत बड़े किसानों के पास देश की 70 फीसदी जमीन है और 77 फीसदी किसानों के पास केवल 30 फीसदी जमीन है । पिछली सरकार कृषि भूमि का सीमा कानून बिल्कुल बोगस और आडम्बर मात्र है । इस नीति और विचारधारा से जनता ने छूटकारा लिया । मैं श्री चव्हाण से कहूंगा कि वह जरा शीशे में अपना चेहरा देख लें । बिहार में जिन 200 व्यक्तियों के प्राण उन की सरकार द्वारा गोलियां बरसा कर लिये गये हैं और तुर्कमान गेट के जिन लोगों के खून से उनकी सरकार ने होली खेली है, कहीं उन का खून तो उन के मुंह पर नहीं लगा हुआ है । जेल में जिन 150 मासूम और निरीह व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, कहीं उन के कलंक का टीका तो उन के माथे पर नहीं लगा हुआ है । अभी भी समय है कि वह समझें कि देश की जनता क्या चाहती है और देश में क्या हवा है ।

मेरे पूर्ववक्ता ने अभी एक बहुत ग़लत और आपत्तिजनक बात कही है । उन्होंने कहा है कि यह सरकार हिन्दुस्तान की जनता का प्रतिनिधित्व नहीं करती है । यह

बात कहने की उन की हिम्मत कैसे हुई ? क्या उन को याद है कि 1952 में आंध्र के एक बड़े हिस्से, केरल और तामिलनाडू से कम्युनिस्ट पार्टी के काफी लोग जीते थे । उस वक्त क्या यह कहा जा सकता था कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और उन की पार्टी हिन्दुस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही थी । अगर वह देश को एक मानते हैं, तो उनको मानना चाहिए कि देश के बहुमत और देश के बहुत बड़े हिस्से ने जनता पार्टी को स्वीकार किया है । इस लिए यह कहना कि जनता पार्टी इस देश का प्रतिनिधित्व नहीं करती है, जनता का घोर अपमान करना है । जनता इस को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी । जनता ने अपनी किस्मत जनता पार्टी को सौंपी है ।

चव्हाण साहब ने विदेश नीति के संबंध में भी कुछ बातें कहीं हैं कि आप ने गुट निरपेक्षता की नीति को स्वीकार किया है, यह आप ने बहुत अच्छा किया है । यह बात उन्होंने कही इस के लिए मैं उनको धन्यवाद दूंगा । किसी एक बात के लिए तो उन्होंने स्वीकारा कि हमने सही कदम उठाया । लेकिन चव्हाण साहब इस बात को समझ लें कि आप की जैसी गुट निरपेक्षता की नीति जनता पार्टी नहीं स्वीकार करती । आप की गुट निरपेक्षता क्या थी ? आप की गुट निरपेक्षता यह थी कि चिली में अगर अमरिका ने परोक्ष रूप से अलेंदी की हत्या करवायी तो उस की तो आप ने निन्दा की लेकिन जब रूस ने जेकोस्लोवाकिया पर हमला कर के दुवचेक की सरकार को गिराया, उस की निन्दा आप ने नहीं की आप मौन रहे । क्या यही तटस्थता की नीति है ? यह गुट निरपेक्षता है ? जिस समय हंगरी में काफी पहले रूस ने जा कर इम्रे नेगी को मिटाया उस समय आप की उस समय की सरकार ने भी उस की निन्दा नहीं की । अगर अमेरिक व पनामा पर या मेक्सिको पर कोई अपना अधिकार जताए या उस समय पुर्तगाल की सालाजार की सरकार के अगर मोज़म्बिक और अंगोला पर अपना अधिकार जमाये रही तो वे साम्र ज्यवादी थे लेकिन चीन ने जब तिब्बत पर हमला किया तो आप की सरकार ने तिब्बत पर चीन की सूज़रेनटी को, उस की सार्वभौम सत्ता को स्वीकार कर लिया, यही आप की गुट निरपेक्षता थी ? इस की गुट निरपेक्षता कहते हैं ? यही कारण था कि जब श्रीलंका में इस बार गुट निरपेक्ष देशों का शिखर सम्मेलन हुआ उस समय जब श्रीमती इंदिरा गांधी वहां गई तो वहां अनेक देशों के प्रमुखों ने इस बात को कहा कि हिन्दुस्तान को हम गुट निरपेक्ष देश नहीं मानते । यह इन के मुंह पर बहुत बड़ा तमांचा था । जो देश कभी इस बात का दावा कर सकता था कि वह गुट निरपेक्ष देशों का अगुवा है, पिछले कुछ दिनों में और पिछले कुछ वर्षों में चव्हाण साहब, आप की सरकार ने उस गुट निरपेक्षता को तिलांजलि दे दी थी । जनता पार्टी की सरकार गुट निरपेक्षता को मानती है वह सही माने में गुट निरपेक्षता की नीति को स्वीकार करती है । अगर ज़िम्बाब्वे में, नामीबिया में और दक्षिण अफ्रीका में जन-अधिकारों का हनन होता है या वहां जनता के अधिकारों की निर्मम हत्या की जाती है तो आप की पुरानी सरकार ने उस की निन्दा की । यह ठीक किया, बहुत ठीक किया । लेकिन जेकोस्लोवाकिया, रूमानिया और रूस में जब वहां के बुद्धिजीवियों के मानवीय अधिकारों का हनन किया जाता है तो उस के लिए आप की श्रमती इंदिरा गांधी कभी नहीं बोली ? क्या कभी उन्होंने उस रूस व चेकोस्लावाकिया के उन लोगों का समर्थन किया जो मानव अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं ? चेकोस्लोवाकिया के कुछ लोगों ने जो चार्टर–1977 तैयार किया जिस पर वहां के अनेक बुद्धिजीयों के हस्ताक्षर हैं उस के लिए उन लोगों को देश से बाहर

निकाला गया क्या इस के लिए चेक सरकार की निन्दा श्रीमती गांधी ने कभी की ? रूस में वैज्ञानिकों को बाहर निकाला गया, वहां के यहूदी अगर अपने आचार व्यवहार के लिए धार्मिक सम्मेलन करना चाहते थे तो उन को रोका गया, निकाला गया क्या इस की निन्दा आप की श्रीमती इंदिरा गांधी ने कभी की ? इस को हम गुट निरपेक्षता की नीति नहीं मानते । हम तो जनता पार्टी की सरकार से यह निवेदन करेंगे और हमें पूर्ण विश्वास हैं कि मेरी पार्टी की सरकार .....(**व्यवधान**).....

MR. CHAIRMAN: The time is over. Only one minute.

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : मैं तो अभी बोल रहा हूं, मैं आप से चाहूंगा कि मुझे कुछ समय और दिया जाये । .....(**व्यवधान**)..... अगर समय हो गया है तो .....(**व्यवधान**).....

MR. CHAIRMAN: I am sorry, time is over. He may continue tomorrow. The House stands adjuorned and we will reassemble tomorrow the 1st of April at 11 A.M.

18.05 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April, 1, 1977/Chaitra 11, 1899 (Saka).

GMGIND—L—142 L.S. JC216—14-4-77—998.